विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, डीवान, कुर्सी, फास्ट, ड्रेसिंग टेबल, फार्मलिन टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचर के निर्माता एवं विक्रेता
सहारा बिल्डर, रेलवे क्रॉसिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा
सही दाम निष्कर्मकेक का प्रतीक

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 122 | कोरबा, रविवार , दिनांक 02 फरवरी 2025 डाक 03 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले नई दिल्ली के जामा मस्जिद में एक जनसभा के दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी

देश-विदेश

महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 18 में सिलेंडर लीक होने से लगी आग, कल्पवासी के दो टेंट जले



फीचर

अगर चेहरे पर चाहते हैं गुलाबी गाल तो आज से ही खाना शुरू कर दें कच्चे टमाटर

महाकुंभ 2025

- वसंत पंचमी के लिए नए सिरे से बनाई गई रणनीति
- श्रद्धालुओं को स्नान के बाद तुरंत छोड़ना होगा घाट
- पुलिस, आरएएफ व पैरामिलिट्री जवान तैनात
- बैरिकेड तोड़ने वालों पर रहेगी विशेष नजर



तीसरा अमृत स्नान कल, उमड़ने लगे श्रद्धालु

कुंभनगर 02 फरवरी [एजेंसी]।

वसंत पंचमी अमृत स्नान पर्व सोमवार को है। सोमवार को एक बार फिर आस्था का जन सैलाब उमड़ने की उम्मीद है। काली मार्ग, बांध समेत मेला क्षेत्र के प्रमुख मार्गों तथा संगम की तरफ आने वाली सड़कों पर दोपहर से ही स्नानार्थियों की कतार लंबी होने लगी और देर रात तक लोगों के आने का क्रम जारी रहा।

दो दिनों की राहत के बाद रविवार से फिर आस्था का रेला उमड़ने की उम्मीद है। वसंत पंचमी अमृत स्नान पर्व सोमवार को तो चार करोड़ से अधिक लोगों के स्नान की उम्मीद की जा रही है। शनिवार शाम से इसकी झलक भी दिखने लगी है और संगम आने वाले मार्गों पर स्नानार्थियों का रेला दिख रहा है। इसका अनुमान प्रशासन को भी है और इसे ध्यान में रखते हुए तैयारियां भी की जा रही हैं। 26 जनवरी से ही मेला में आने वालों का तांता लग गया था। मौनी अमावस्या के दिन तो सभी रिकॉर्ड टूट गए और करीब आठ करोड़ लोगों ने स्नान किया। इसके अगले दिन भी मेला क्षेत्र तथा आसपास के मार्गों पर स्नानार्थियों का रेला आता रहा। हालांकि शुक्रवार और शनिवार को अपेक्षाकृत कम भीड़ रही। शहर में आवागमन सुचारू रहा तो मेला क्षेत्र में भी पूर्व की तरह भीड़ नहीं दिखी। इसके विपरीत रविवार से फिर स्नानार्थियों का रेला आने की उम्मीद है। वसंत पंचमी अमृत स्नान पर्व सोमवार को है। हालांकि, रविवार को ही पंचमी लग जाने की बात कही जा रही है। यानि, रविवार से ही वसंत पंचमी का स्नान शुरू हो जाएगा। इसके अलावा अवकाश भी है। ऐसे में रविवार और सोमवार को एक बार फिर आस्था का जन सैलाब उमड़ने की उम्मीद है। काली मार्ग, बांध समेत मेला क्षेत्र के प्रमुख मार्गों तथा संगम की तरफ आने वाली सड़कों पर दोपहर से ही स्नानार्थियों की कतार लंबी होने लगी और देर रात तक लोगों के आने का क्रम जारी रहा।शनिवार को भी करीब दो करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। मेला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार दिन में चार बजे तक ही 1.80 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान कर लिया था। मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर हुए हादसे के बाद सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। किसी तरह की कमी न रहे, इसके लिए हर स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासन की ओर से मेला क्षेत्र में कुंभ 2019 में प्रयागराज के मंडलायुक्त रहे आशीष गोयल तथा पीडीए के उपाध्यक्ष तथा डीएम रहे भानु चंद्र गोस्वामी के साथ पांच विशेष सचिवों की नियुक्ति पहले ही की जा चुकी है। शनिवार को पीसीएस स्तर के पांच और अफसरों को मेले में तैनाती की गई।

वसंत पंचमी के लिए संगम घाट पर 28 नए स्ट्रैटेजिक प्वाइंट

वसंत पंचमी के अमृत स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने के लिए नए सिरे से रणनीति बनाई गई है। उसके तहत संगम घाट पर 28 स्ट्रैटेजिक प्वाइंट बनाए गए हैं। इन प्वाइंटों पर पुलिस के साथ ही आरएएफ और पैरामिलिट्री के जवानों की संयुक्त टीम इन प्वाइंटों पर तैनात की जाएगी। मौनी अमावस्या पर हुए हादसे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। 28 स्ट्रैटेजिक प्वाइंट उन स्थानों पर बनाए गए हैं जो भीड़ के लिहाज से संवेदनशील हैं। मौनी अमावस्या और मकर संक्रांति स्नान पर्वों पर भीड़ के प्रवाह के आधार पर इन स्थलों को चिह्नित किया गया है। पिछले अनुभवों से यह माना गया कि भीड़ प्रबंधन के मद्देनजर इन प्वाइंट पर विशेष रूप से सतर्कता बरते जानी की जरूरत है। इसी को देखते हुए इन 28 स्ट्रैटेजिक प्वाइंट पर वसंत पंचमी के दिन विशेष रूप से गठित टीमें तैनात करने का निर्णय लिया गया है। संगम घाट पर यह टीमें तैनात की जाएंगी।

हादसे से सबक लेते हुए कुछ अन्य व्यवस्थाएं भी की

इसके अलावा मौनी अमावस्या पर हुए हादसे से सबक लेते हुए कुछ अन्य व्यवस्थाएं भी की गई हैं। संगम घाट पर सुरक्षा ड्यूटी में तैनात सभी जवानों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी हाल में वसंत पंचमी के दिन संगम घाट पर भीड़ इकट्ठी न होने पाए। कहा गया है कि स्नान के बाद तुरंत श्रद्धालुओं को घाट छोड़ने को कहा जाए। इस बात का विशेष ख्याल रखा जाए कि अखाड़ा मार्ग पर किसी भी श्रद्धालु का आवागमन न हो। श्रद्धालु अपनी निर्धारित लेन से ही स्नान करने जाएं और फिर पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार ही वापसी करें। इसके लिए एक बार फिर सुरक्षा ड्यूटी में तैनात किए जा रहे जवानों को रूट मैप दिखाकर एक-एक बिंदु के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है।

बैरिकेड तोड़ने वालों पर रहेगी विशेष नजर

वसंत पंचमी के मौके पर यह भी व्यवस्था की गई है कि इस बार बैरिकेड तोड़ने वालों की निगरानी के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। सभी स्ट्रैटेजिक पॉइंट पर मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी की जाएगी। कमांड सेंटर से इस बात पर विशेष नजर रखी जाएगी की कोई बैरिकेडिंग ना तोड़ पाए। आला पुलिस अफसरों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह किसी भी हालत में बैरिकेडिंग को पार न करें।

डोंग में दर्दनाक सड़क हादसा, 48 तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस खाई में गिरी, 5 की मौत

डोंग। गुजरात के डांग में रविवार सुबह (2 फरवरी) एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक प्राइवेट बस खाई में गिर गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी लोग महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से गुजरात के द्वारका जा रहे थे। अधिकारी ने बताया कि तीर्थयात्री मध्य प्रदेश के गुना, शिवपुरी और अशोक नगर जिलों से थे। पुलिस अधीक्षक एसजी पाटिल ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना सुबह करीब 4.15 बजे हुई जब सपूतारा हिल स्टेशन के पास बस के ड्राइवर ने पहियों पर नियंत्रण खो दिया।

उन्होंने बताया कि 48 तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस क्रैश बैरियर को तोड़ते हुए लगभग 35 फीट गहरी खाई में गिर गई। अधिकारी ने बताया कि पांच लोगों - दो महिलाएं और तीन पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को अहवा के एक सिविल अस्पताल ले जाया गया। कुछ अन्य को मामूली चोटें आई हैं।

योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

नईदिल्ली। योग गुरु बाबा रामदेव की मुश्किलें फिर एक बार बढ़ गई हैं। केरल की एक अदालत ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। रामदेव के अलावा पतंजलि योगपीठ के अध्यक्ष आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ भी वारंट जारी किया है। पलक्कड़ जिले की कोर्ट दोनों के ही खिलाफ यह वारंट उनकी गैरहाजिरी के कारण जारी किया है। वे केरल के ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा दिव्य फार्मेसी के खिलाफ दायर किए गए आपराधिक मामले में पेश नहीं हुए थे। कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ 15 फरवरी को पेश होने के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया है। इससे पहले कोर्ट ने 1 फरवरी को इन आरोपियों के खिलाफ जमानत योग्य वारंट जारी किया था, ताकि वे कोर्ट में पेश हो सकें। यह मामला दिव्य फार्मेसी द्वारा कथित रूप से भ्रामक चिकित्सा विज्ञापन प्रसारित करने से जुड़ा है, जिस पर केरल ड्रग्स इंस्पेक्टर ने कार्रवाई की है। योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड पर कई मामले रहे हैं। इनमें भ्रामक विज्ञापन, अवमानना और ट्रेडमार्क उल्लंघन जैसे मामले शामिल हैं। इन मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और पतंजलि को राहत दे चुकी है। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें चेतावनी दी थी कि अगर वे फिर से कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हैं, तो उन्हें सजा हो सकती है।

सीबीआई ने सेंट्रल जीएसटी के दो अधिकारियों को किया गिरफ्तार

कारोबारी से की थी लाखों की डिमांड

रायपुर, 02 फरवरी [एजेंसी]।

राजधानी में सीबीआई ने रिश्वत मांगने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सेंट्रल जीएसटी के अधीक्षक भरत सिंह और उनके ड्राइवर विनय राय को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने एक विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि सीजीएसटी के अधिकारियों ने एक कारोबारी से सीजीएसटी से जुड़े मामले को रफा-दफा करने के लिए रिश्वत की मांग की थी। सीबीआई के मुताबिक, दुर्ग स्टेशन रोड के कारोबारी और मेसर्स 'द वर्ल्ड ऑफ ब्यूटी' के संचालक लालचंद अठवानी और महेश अठवानी से सीजीएसटी मामले को सुलझाने के बदले में अधिकारियों ने 34 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। सौदा बाद में पांच लाख रुपये पर तय हुआ। सीबीआई ने जाल बिछाकर शुक्रवार को वीआईपी रोड स्थित करेंसी टावर के कैफे में लेनदेन के दौरान कार्रवाई की।

जैसे ही रिश्वत की रकम का लेनदेन हुआ, सीबीआई ने तुरंत कार्रवाई की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, इस दौरान एक अन्य आरोपी विवेक फरार वहीं शनिवार को दोनों अधिकारियों को सीबीआई ने विशेष कोर्ट में पेशकर पूछताछ के लिए 5 दिन की रिमांड पर लिया है। सीबीआई की टीम पूछताछ के लिए कई अन्य लोगों को भी तलब कर सकती है। आरोपियों की अगली पेशी 5 फरवरी को होगी। सीबीआई की टीम अब दोनों गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है, और फरार आरोपी विवेक की तलाश की जा रही है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

गुरुग्राम में फिर चलेगा बुलडोजर, तोड़फोड़ अभियान से मकान मालिकों में मचा हड़कंप

नया गुरुग्राम। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के जिला नगर योजनाकार इन्फोसमेंट ने रिहायशी मकानों या प्लॉटों पर चल रही व्यावसायिक गतिविधियों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। उन्होंने डीएलएफ फेज-दो का निरीक्षण कर पता कर लिया है कि कहां-कहां अवैध रूप से व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं। डीटीपीई ने सुबह सबसे पहले यहां पिछले दिनों की गई तोड़फोड़ वाली जगहों का मुआयना किया। सेंट्रल आर्केड मार्केट के कामन एरिया में अवैध रूप से बनाए हुए स्ट्रक्चर की जगह को देखा। जहां इक्का दुक्का रेहड़ी देखने को मिली। इसके बाद दक्षिण मार्ग के रिहायशी प्लॉटों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों पर हुई तोड़फोड़ की जगह जहां फिर से दुकानों सजने लग गई। इसके बाद इलाके के सभी मुख्य और अंदर की सड़कों का भी सरसरी तौर पर निरीक्षण किया।

150 मकानों को जारी किया गया नोटिस

इन सड़कों में बोगनविलिया मार्ग, दक्षिण मार्ग, आकाशनीम मार्ग, जकरंडा मार्ग, गुलमोहर मार्ग समेत के एल, के, जे, पी ब्लॉकों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वे के अलावा कई ऐसे मकानों को चिन्हित किया गया जिनमें अवैध निर्माण या व्यवसायिक गतिविधियां चलाई जा रही थीं। ऐसे 150 मकानों को नोटिस जारी कर दिया गया है।

अंतरराज्यीय डकैती गिरोह का पर्दाफाश

ओडिशा 2 फरवरी। पुलिस ने कालाहांडी जिले में तीन दिन पहले हुई एक बड़ी डकैती का मामला सुलझा लिया है। इस मामले में एक अंतरराज्यीय डकैती गिरोह को गिरफ्तार किया गया। रु. 3.51 करोड़ रुपये नकद, बंदूकें और घातक हथियार जब्त किए गए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए डीजीपी वाई.बी. खुरानिया ने कालाहांडी एसपी और पुलिस टीम को बधाई दी।

धर्मगढ़ पुलिस के अनुसार, 30 जनवरी को थाना क्षेत्र में एक देशी शराब निर्माण संयंत्र में भीषण डकैती हुई थी। नकाबपोश संदिग्धों ने नकदी लूट ली और कार में भाग गए। इस संबंध में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपी को हिरासत में ले लिया है। आरोपियों में तारिर अंसारी, हुसैन खान, जैसम खान, शमीम अंसारी, बासुदेव गोपी, पिंटू उर्फ अलीम और अनुज कुमार शामिल हैं। ये सभी झारखंड के रहने वाले हैं।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

राष्ट्रपति पर टिप्पणी मामले में बढ़ी सोनिया गांधी की मश्किलें, मुजफ्फरपुर कोर्ट में शिकायत दर्ज

मुजफ्फरपुर, 02 फरवरी [एजेंसी]।

राज्यसभा सदस्य व कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी व सांसद प्रियंका गांधी के विरुद्ध मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) राजकपूर के कोर्ट में शनिवार को परिवाद दाखिल किया गया है।यह परिवाद भारतीय सार्थक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सदर थाना के लहलादपुर पताही गांव के अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने दाखिल किया है। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रति कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने का सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर आरोप लगाया गया है। कोर्ट ने परिवाद को सुनवाई पर रखा है। इसके लिए 10 फरवरी को सुनवाई की तिथि तय की गई है। परिवाद में अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने कहा है कि 31 जनवरी को बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के बाद तीनों आरोपित एक साथ संसद भवन से निकल रहे थे। जब मीडियाकर्मियों ने सोनिया गांधी से राष्ट्रपति के अभिभाषण के बारे में पूछा तो उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया। इस बीच सभी आरोपित आपस में बातचीत करते नजर आए और कहने लगे कि सब झूठे वादे हैं।

राष्ट्रपति भवन ने जारी की प्रतिक्रिया

कांग्रेस नेताओं के बयान के बाद इस पूरे मामले में राष्ट्रपति भवन की ओर से बयान जारी किया गया। इस बयान में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की टिप्पणी को अस्वीकार्य बताया गया। साथ ही इस बयान के लिए बिना नाम लिए सोनिया गांधी की निंदा भी की गई।

ईवीएम सहित निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने मतदान दलों को मिला प्रशिक्षण

रिटर्निंग अधिकारी मनोज कुमार ने किया निरीक्षण

कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के दिशा निर्देशन में नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत मतदान दलों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक सहित अन्य स्थानों पर मतदान दलों को ईवीएम संचालन व निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता पूर्वक संपन्न कराने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने पीठासीन अधिकारियों व मतदान कर्मियों को बैलेट यूनिट, सेंट्रल यूनिट, कंट्रोल यूनिट के संचालन की विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया में बरती जाने वाली सावधानियां, विभिन्न मत पत्रों, लिफाफों व मत अभिलेखों में प्रविष्टियों के सही तरीके से विशेष ध्यान दे कर पूर्ण करने की बात कही। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री मनोज कुमार बंजारे ने प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण किया और मतदान कर्मियों को सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने हेतु प्रेरित किया।

अपर कलेक्टर ने कहा कि ईवीएम मशीन के सही संचालन का प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है, ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न हो। उन्होंने मतपत्र लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, परिनियत व अपरिनियत लिफाफों में प्रविष्टियां सावधानीपूर्वक करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी मतदान कर्मियों को डाक मतपत्र के लिए अनिवार्य रूप से आवेदन करने की भी सलाह दी।

प्रशिक्षण के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए मतदान कर्मियों को सक्रिय व प्रेरित किया गया।

जिला पंचायत सदस्य के चुनाव के लिए 104 अभ्यर्थियों ने लिए नाम निर्देशन पत्र

अब तक 76 अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र, क्षेत्र क्रमांक 4 करतला में सर्वाधिक अभ्यर्थी मैदान में

कोरबा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया कोरबा जिले में चल रही है। जिला पंचायत सदस्य पद हेतु 27 जनवरी 2025 से नाम निर्देशन पत्रों का वितरण प्रारंभ हो चुका है। जिला पंचायत कार्यालय से अब तक कुल 104 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए हैं, जिसमें से 76 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र भरकर जमा कर दिए हैं। इस बार क्षेत्र क्रमांक 4 करतला (अनारक्षित) में सर्वाधिक 18 नाम निर्देशन पत्र क्रय किए गए हैं और इनमें से 15 नाम निर्देशन पत्र जमा हो चुके हैं। चुनावी प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन भी सक्रिय रूप से निगरानी कर रहा है।

जिला पंचायत कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं ताकि सभी प्रत्याशी बिना किसी बाधा के अपने नामांकन जमा कर सकें। नामांकन पत्र लेने और जमा करने के लिए 25 से ज्यादा कर्मचारी संलग्न किए गए हैं। कोरबा जिला कुल 12 निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित है, और प्रत्येक क्षेत्र से एक सदस्य का चयन किया जाएगा। जिला पंचायत में कुल 12 सदस्यों का निर्वाचन किया जाना है। सीईओ जिला पंचायत एवं पंचायत चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन सुविधा के दृष्टिगत निर्वाचन क्रमांक 1 से 6 के लिए श्री अनुपम तिवारी (अपर कलेक्टर) और क्रमांक 7 से 12 के लिए सुश्री जुली तिर्की (उप संचालक पंचायत) को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

श्री नाग ने बताया कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम और पंचायत निर्वाचन नियमों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया 3 फरवरी 2025 तक जारी रहेगी जिला पंचायत सदस्य पद हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति की तिथि 27 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक, नाम निर्देशन पत्र की जांच, संवीक्षा की तिथि: 4 फरवरी, नाम वापसी की अंतिम तिथि 6 फरवरी, और प्रतीक आबंटन की तिथि: 6 फरवरी 2025 है।

समान्य एवं व्यय प्रेक्षक से मिलने का समय निर्धारित

आम नागरिक निर्वाचन संबंधी कर सकेंगे शिकायत

कोरबा । कोरबा जिला में नगरीय निकाय निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा श्रीमती प्रेमलता यादव (आई.एफ.एस) को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक से मिलने का समय सुबह 11.00 बजे से 12.00 बजे तक, स्थान - कांवेरी भवन, एनटीपीसी टाउनशीप जमनीपाली है एवं संपर्क नम्बर 7869570587 है। इसी प्रकार कोरबा जिला में नगरीय निकाय निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा श्री विजय कुमार पाण्डेय (उप संचालक (वित्त)) को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक से मिलने का समय सुबह 11.00 बजे से 12.00 बजे तक, स्थान- कांवेरी भवन, एनटीपीसी टाउनशीप जमनीपाली है एवं संपर्क नम्बर 9399382288 है।

धान खरीदी में अनियमितता पर समिति प्रबंधक और फड़ प्रभारी के विरूद्ध की गई कार्रवाई

कटघोरा के अखरापाली धान खरीदी केन्द्र का मामला

साठ लाख से अधिक की वसूली का प्रकरण किया गया तैयार



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिले में धान खरीदी पारदर्शिता के साथ बिना किसी गड़बड़ी के करने के निर्देश दिये गये थे। उन्होंने अंतिम सप्ताह में होने वाले खरीदी का सत्यापन के निर्देश भी एसडीएम को दिये थे। इसी कड़ी में आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा श्री रोहित सिंह और तहसीलदार दीपका अमित केरकेट्टा ,नायब तहसीलदार कटघोरा के साथ राजस्व निरीक्षक ,हल्का पटवारियों की टीम के साथ धान खरीदी केंद्र अखरापाली का भौतिक सत्यापन किया गया । भौतिक सत्यापन के दौरान रेंडम रूप से 30 से 35 बोरो की तौल की गई जिसमें खरीदी मात्रा 41 से 42.8 किलोग्राम के बीच पाई गई, जो मानक से अधिक थी। धान खरीदी केंद्र की वर्तमान रिपोर्ट के अनुसार समिति में 14129.6 क्विंटल (35324 बोरा)धान होना चाहिए था किंतु सत्यापन के दौरान 30442 बोरा (12176 क्विंटल) धान पाया गया । 4882 बोरा अर्थात 1952.80 क्विंटल धान समिति में कम पाया गया, जिसकी कीमत 60 लाख 53 हजार 680 रुपये होती है । मौके पर पंचनामा तैयार कर अभी तक खरीदी की गई कागजों की जप्ती की गई तथा समिति प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद अनंत और फड प्रभारी हितेंद्र कुमार के विरुद्ध 60 लाख 53 हजार 680 रुपए की वसूली तथा आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के लिए प्रकरण तैयार किया गया।

ई.व्ही.एम से वोट डालने के संबंध में मतदाताओं किया जा रहा है जागरूक

कोरबा। नगरीय निकायों के चुनाव हेतु सभी एसडीएम कार्यालय, तहसील नगर पालिकाओं के कार्यालयों एवं अन्य स्थानों में ई.व्ही.एम की कार्यप्रणाली के संबध में जानकारी दी जा रही है। आम नागरिकों को ईवीएम में मतदान करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

प्रेक्षक प्रेमलता यादव ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

कोरबा । छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु कोरबा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीमती प्रेमलता यादव ने आज क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी, बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक श्रीमती यादव के द्वारा आज कोरबा नगर निगम के 22 मतदान केंद्रों का एवं विद्युत गृह स्कूल में हो रहे महिला मतदान दलों के प्रशिक्षण का जायजा लिया गया । सामान्य प्रेक्षक द्वारा 22 मतदान केंद्र जो कि विद्युत गृह स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, प्राइमरी स्कूल रामपुर, निर्मला स्कूल कोसाबाड़ी, शासकीय मिनीमाता कॉलेज, कन्या स्कूल टीपी नगर, एनटीपीसी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल और आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया गया।

प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किए गये दीवार लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प, शौचालय, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण कर केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

ईवीएम मशीन के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन आज

कोरबा । नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 में ईवीएम मशीन के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन 02 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे से 1.30 बजे तक कलेक्टर कार्यालय कोरबा के नवीन सभाकक्ष में किया गया है। प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों से उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु अनुरोध किया गया है।

बजट ने किया निराश:दीपेश

कोरबा। अक्सर आम बजट वर्तमान परिस्थितियों को देखकर बनाया जाता है।वर्तमान परिस्थिति मे कठिन तथा व्यवहारिक निणर्य लेने की आवश्यकता थी लेकिन बजट में ऐसा नहीं किया गया।देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है लेकिन सरकार बजट मे इससे निपटने के ठोस उपाय बताने मे असफल रही वहीं बढ़ती मंहगाई को काबू करने के मोर्चे मे सरकार पूरी तरह मात खा गई है वहीं वित्त मंत्री ने बजट मे आयकर ढ़ांचे मे बदलाव कर मध्य वर्ग को राहत दी गई है वो ठीक है इसके साथ ही नौकरीपेशा की 12.75 लाख तक आयकर छूट सहरानीय है परंतु 52 करोड़ असंगठित मजदूरों के सामाजिक सूरक्षा के लिए इस बजट मे कुछ भी प्रावधान नहीं किया गया वहीं बजट मे देश मे छाई आर्थिक सुस्ती को सुधारने के लिए जो उपाय किए जाने चाहिए थे उन्हें पूरी तरह नजरअंदाज किया गया तथा विनिर्माण क्षेत्र जो सबसे ज्यादा रोजगार सृजन करते हैं उनको बढ़ावा देने के लिए कोई प्रावधान नही किया गया कुलमिलाकर यह बजट अपेक्षाओं की कसौटी पर पूणत: निराशाजनक है।

जिला पंचायत के 12 क्षेत्र में से 9 के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी घोषित

पूर्व गृहमंत्री ननकीराम की बहु को मिला मौका

कोरबा । नगरीय निकायों के साथ-साथ पंचायत चुनावों की प्रक्रिया भी चल रही है। राज्य निर्वाचन आयोग लोगों से नामांकन पत्र जमा ले रहा है। नामांकन जमा करने की आखिरी तिथि 3 फरवरी है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने जिला पंचायत के अलग-अलग क्षेत्रो के लिए अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। 12 में से 9 सीट पर घोषणा की गई है।

भाजपा ने क्षेत्र क्रमांक 1 से पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर की बहु निर्मला कंवर को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। निर्मला संदीप कंवर की पत्नी है। क्षेत्र क्रमांक 3 के लिए हेमलता राठिया को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। क्षेत्र क्रमांक 1 और 3 दोनों अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है। इसी तरह क्षेत्र क्रमांक 5 के लिए पार्टी ने अनारक्षित वर्ग की महिला मिलाप कंवर, क्षेत्र क्रमांक 6 अनारक्षित मुक्त वर्ग के लिए विनोद यादव, क्षेत्र क्रमांक 7 अनारक्षित महिला के लिए निकिता जायसवाल, क्षेत्र क्रमांक 8 एसटी महिला के लिए माया कंवर, क्षेत्र क्रमांक 9 एसटी मुक्त के लिए विजय बहादुर जगत, क्षेत्र क्रमांक 10 एसटी महिला वर्ग के लिए शांति मरावी और क्षेत्र क्रमांक 11 एसटी मुक्त के लिए ठंडी लाल बिंझवार को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। जिला पंचायत में कुल 12 सीटें है। 9 सीटों के लिए भाजपा अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर सकी है। तीन सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए हैं। बताया जाता है कि आम सहमति नहीं बनने के कारण पार्टी ने 3 क्षेत्रों को लेकर अभी निर्णय नहीं लिया है।

बजट से कारपोरेट जगत को फायदा

कोरबा। जनता दल युनाइटेड पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जुगनु खान ने केन्द्रीय वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक करते हुए इसे निराशा जनक बताया है । उन्होंने कहा कि बजट में मिडिल क्लाश लोवर मिडिल व गरीबों के लिए कोई खास षोषणा नही की गई है। इन्हें उपक्षेत रखा गया है। बजट से कारपोरेट जगत को फायदा होगा।

मेयर के लिए 11 चेहरे ,वार्ड 42 से पार्षद बनने सबसे ज्यादा उम्मीदवार

कोरबा । नगर पालिक निगम चुनाव में अबकी बार जिस प्रकार मनमानी पूर्वक टिकट वितरण को लेकर राष्ट्रीय पार्टियों के कार्यकर्ताओं और जनता का भरोसा डगमगा गया है और असंतोष व्याप्त है, जिसके कारण कई लोग जो चुनाव लड़ने के इच्छुक थे उन्हें अपनी ही पार्टी से टिकट नहीं मिला तो वह या तो निर्दलीय लड़ने की इच्छा जताई या फिर अपने ही सगे संबंधियों में से पार्षद पद हेतु निर्दलीय के रूप में प्रत्याशी चुनावी रण में उतार दिए हैं, जिसके कारण राष्ट्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों के समीकरण बन और बिगड़ रहे हैं,

कई वार्डों में 10 से 15 प्रत्याशी मैदान में है बात कोरबा नगर पालिक निगम की की जाए तो वार्ड क्रमांक 42 में सबसे ज्यादा पार्षद पद के प्रत्याशी मैदान में है जिनकी संख्या 15 है, इसी प्रकार नगर पंचायतों व नगर परिषदो के वार्डों में भी 10 से अधिक प्रत्याशी मैदान में है । वहीं शहर सरकार कोरबा नगर पालिक निगम के महापौर पद के प्रत्याशियों की बात की जाए तो कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है

महापौर प्रत्याशी कर सकेंगे अधिकतम 20 लाख रुपए खर्च

आयोग ने चुनावी खर्च की राशि करी तय

कोरबा । कोरबा जिले में भी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। आयोग ने महापौर, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत में चुनाव लड़ने वाले अध्यक्षों के लिए चुनावी खर्च की राशि तय कर दी है। प्रत्याशी इससे ज्यादा खर्च नहीं कर सकेंगे। चुनावी खर्च की राशि निकायों की आबादी के आधार पर तय की गयी हैं। जिन निकायों की आबादी तीन से पांच लाख के बीच है वहां नगर पालिका परिषद महापौर के लिए चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी अधिकतम 20 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह आदेश संयुक्त सचिव रेणुका श्रीवास्तव के हस्ताक्षर से जारी किए गए हैं।

बताया गया है कि नगर पालिक निगम में जिस शहर की आबादी 2011 की जनगणना के आधार पर 3 लाख से कम होगी वहां चुनाव लड़ रहे महापौर पद के प्रत्याशी अधिकतम 15 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे, जबकि जिन शहरों की आबादी 3 से पांच लाख के बीच होगी उन शहरों में महापौर प्रत्याशियों की अधिकतम खर्च सीमा 20 लाख रुपए तय की गई है। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर कोरबा शहर की जनसंख्या 3 लाख से 5 लाख के बीच है। इसके अनुसार यहां से महापौर पद का चुनाव लड़ रहे प्रत्येक प्रत्याशी अधिकतम 20 लाख रुपए अपने चुनाव में खर्च कर सकेंगे। वहीं जिस शहर की आबादी 5 लाख से अधिक होगी वहां चुनावी खर्च की सीमा अधिकतम 25 लाख रुपए तय की गई है। नगर पालिका परिषद के लिए भी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के लिए खर्च की राशि निर्धारित की गई है। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर जिस शहर की आबादी 50 हजार से कम होगी और वहां पालिका परिषद कार्य कर रहा होगा, वहां से अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी अधिकतम 8 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे। जबकि जिस पालिका क्षेत्र की आबादी 50 हजार से ज्यादा होगी वहां खर्च की अधिकतम सीमा 10 लाख रुपए निर्धारित की गई है। नगर पंचायतों में यह राशि 6 लाख रुपए अधिकतम निर्धारित है। जिस दिन से उम्मीदवारों ने अपना पहला पर्चा दाखिल किया है उसी दिन से इसका हिसाब किया जाएगा।

38 हजार 402 हेक्टेयर में रबी की फसल लगकर तैयार

विभाग को 40 हजार 600 हेक्टेयर में खेती का मिला है लक्ष्य

कोरबा । इस बार अब तक रबी फसल का लक्ष्य का लगभग 94.6 फीसदी बोआई का काम पूरा हो गया है। अब विभाग के समक्ष 40 हजार 600 हेक्टेयर में फसल लगाने का लक्ष्य था। इसमें से 38 हजार 402 हेक्टेयर में फसल की बोआई हो चुकी है। अब 5.4 फीसदी बोआई का काम बचा हुआ है। इसे भी विभाग की ओर से जल्द पूरा करने की बात कही जा रही है। हालांकि इसमें से कई ऐसे फसल हैं, जो लक्ष्य से अधिक हो चुके हैं, लेकिन कई लक्ष्य से काफी पीछे हैं। आने वाले दिनों में किसान रबी फसल को लेकर बोआई का कार्य लगभग पूरा कर लेंगे। जिलें में रबी फसल के लिए खेती का कार्य शुरू हो गया है। कृषि विभाग को 40 हजार 600 हेक्टेयर में खेती का लक्ष्य मिला है। किसानों ने 38 हजार 402 हेक्टेयर में फसल लगाने का काम पूरा कर लिया है। इसमें अनाज, दलहन, तिलहन और सब्जी सहित अन्य फसल को शामिल किया गया है। किसानों ने इस बार रबी सीजन में सबसे अधिक तोरिया और कुसुम की खेती क्रमश- 3330 और 2760 हेक्टेयर में की है, जो अभी तक निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा है। किसानों ने अनाज के अंतर्गत गेंहू, मक्का, धान औ रागी की खेती की है। दलहन फसल चना, मटर, मसूर, मूंग, उड़द, तिवड़ा व बट्टा के फसल लगाया गया है। इसके अलावा तिलहन में सरसों, तोरिया, मूंगफली, अलसी, कुसुम, सूर्यमुखी और सब्जी की खेती की लगभग 40 हजार 600 हेक्टेयर में खेती किया जाना था। लेकिन अभी तक 38 हजार 402 हेक्टेयर क्षेत्रों में फसल लगाई जा सकी है। दो हजार 198 हेक्टेयर में फसल लगाना अब भी शेष है। विभाग ने पिछले साल लगाए गए ग्रीष्म धान की अपेक्षा इस साल लक्ष्य को 16 हेक्टेयर रकबा कम कर दिया है। किसानों ने पिछले साल 436 हेक्टेयर में धान के फसल लगाई थी। इस बार विभाग ने 420 हेक्टेयर में धान की बोआई का लक्ष्य रखा है। बताया जा रहा है कि मौसम फसल के अनुकूल है। इससे किसानों ने इस बार बेहतर उत्पादन की उम्मीद जताई है। जिले में इस बार रबी फसल के लिए 40 हजार 600 हेक्टेयर में खेती का लक्ष्य रखा है। यह पिछले साल लगाए गए फसल की अपेक्षा 333 हेक्टेयर अधिक है, लेकिन ग्रीष्मकालीन धान की खेती के हेक्टेयर को पिछले साल की पूर्ति की अपेक्षा कम कर दिया है। 16 हेक्टयर में धान की फसल के रकबे को घटा दिया है। कृषि विभाग का दावा है इस सीजन में लक्ष्य का लगभग 94 फीसदी बुआई पूरी हो गई।

एसईसीएल द्विवेदी बनें नए सीएमडी

कोरबा । कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी एसईसीएल ने जय प्रकाश द्विवेदी, सीएमडी एसईसीएल (अति. प्र.) का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया है। श्री द्विवेदी वर्तमान में डब्ल्यूसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। श्री द्विवेदी को कोयला उद्योग में 3 दशकों से अधिक का अनुभव है, जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड की विभिन्न सहायक कंपनियों में मेगा लेवल ओपनकास्ट के साथ-साथ भूमिगत कोयला खदानों के संचालन का कार्यानुभव शामिल है। उन्होंने आईआईटी-बीएचयू, वाराणसी से खनन इंजीनियरिंग में स्नातक पूरा करने के बाद 1986 में एक खनन इंजीनियर के रूप में कोल इंडिया लिमिटेड में अपना करियर शुरू किया।

चीन से निकले एचएमपीवी वायरस का पहला मामला मिला जिले में

कोरबा । छत्तीसगढ़ में HMPV वायरस ने दस्तक दे दी है। बिलासपुर संभाग में तीन साल के बच्चे की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में HMPV का यह पहला मामला है। जिसके अंतर्गत कोरबा जिले का बच्चा HMPV से संक्रमित मिला है। वह 27 जनवरी से बिलासपुर के अपोलो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। उनका इलाज जारी है। बच्चा स्वस्थ है। उसे डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है, वहीं बिलासपुर और कोरबा जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है। बताया जा रहा है की प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी इसकी पुष्टि की हैं। बिलासपुर जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर प्रमोद तिवारी ने बताया कि कोरबा जिले में निवासरत एक व्यक्ति का तीन वर्षीय बेटा सर्दी, खांसी और बुखार से पीड़ित था। जब उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ, तो 27 जनवरी को उसे बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चे में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस संक्रमण की संभावना को देखते हुए उसका सैंपल रायपुर के एम्स में जांच के लिए भेजा गया था।

जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि बच्चा HMPV से संक्रमित है। संक्रमित बालक को अस्पताल में अन्य मरीजों से अलग रखते हुए आईसीयू में भर्ती किया गया है, जहां शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुशील कुमार की देखरेख में उसका इलाज किया जा रहा है।

रायपुर एम्स रेफर करने की तैयारी

सीएमएचओ डॉक्टर प्रमोद तिवारी ने बताया कि बच्चे की हालत में कोई विशेष सुधार नहीं हो रहा है। उसे बेहतर इलाज के लिए एम्स, रायपुर भेजने पर विचार किया जा रहा है। कोरबा जिले में सर्दी-खांसी और बुखार से पीड़ित लोगों का सर्वे करा रहे हैं। पीड़ित बच्चे के परिवार के तीन अन्य बच्चों को भी निगरानी में रखा गया है, लेकिन उनमें से किसी में भी संक्रमण के लक्षण नहीं पाए गए हैं।

प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

कोरबा। कोरबा नगर निगम में नाम वापसी के बाद महापौर प्रत्याशियों को शुक्रवार शाम चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। इसी के साथ चुनाव प्रचार तेज हो गया है। मुख्य मुकाबला कांग्रेस की उषा तिवारी और बीजेपी की संजू देवी राजपूत के बीच होना हैं। ऐसे में कोरबा के लोगों में अपने महापौर प्रत्याशी के बारें जानने की उत्सुकता स्वभाविक हैं। बता दे की दोनों प्रत्याशियों द्वारा जिला रिटर्निंग अधिकारी को दिए हलफनामा के अनुसार कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी उषा तिवारी, BJP की महापौर प्रत्याशी संजू देवी राजपूत से ज्यादा पढ़ी लिखी हैं। BJP की संजू देवी राजपूत ने रिटर्निंग अधिकारी को दिए हलफनामा में बताया है कि वो केवल साक्षर हैं.. इसके अलावा कोई अन्य शैक्षिणिक प्रमाण जमा नहीं किया गया है। वहीं कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी उषा तिवारी सागर विश्वविद्यालय से बीएससी स्नातक हैं। हलफनामा के अनुसार कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी उषा तिवारी के पास टीवीएस जूपिटर स्कूटी, सोने के आभूषण 3 सौ ग्राम और 1 किलो चांदी के आभूषण है। स्वयं के खाते एवं पति के बैंक खाते की जानकारी पृथक से दी गई है।

मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला घायल

रेल्वे ट्रैक पार करते समय चल पड़ी ट्रेन, पैर कटा, चेहरे पर भी चोट

जांजगीर-चांपा। जांजगीर चांपा जिले के नैला रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शनिवार रात हुए हादसे में उनका दायां पैर कट गया और चेहरे पर हल्की चोटें आईं है।

जानकारी के मुताबिक, प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर खड़ी मालगाड़ी के बीच से महिला दूसरे प्लेटफॉर्म की तरफ जा रही थी। इसी दौरान अचानक मालगाड़ी चल पड़ी और महिला का दायां पैर ट्रेन के पहिए के नीचे आ गया। हादसे के बाद महिला को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायल महिला सारखो की रहने वाली है और नैला रेलवे स्टेशन पर भीख मांगकर अपना जीवन यापन करती है। रेलवे अधिकारियों ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है।

बनाहिल के पास वाहन ने छात्र को ठोका, मौत

जांजगीर-चांपा। जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम बनाहिल में सड़क हादसे में 12 साल के छात्र की मौत हो गई। शनिवार दोपहर जब छात्र ओम प्रकाश केवट स्कूल से लौट रहा था तभी तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया, अकलतरा थाना क्षेत्र की घटना है।

पुलिस के मुताबिक, हादसे के तुरंत बाद घायल छात्र को सीएचसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, वही गुस्साए ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। घटना के विरोध में ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने बिलासपुर-अकलतरा मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रास्ते पर सैकड़ों भारी वाहन तेज गति से गुजरते हैं और सड़क की स्थिति भी खराब है। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा और क्षेत्र में बाईपास सड़क के निर्माण की मांग की है। पुलिस और नायब तहसीलदार चंद्रकांत साहू के हस्तक्षेप के बाद चक्का जाम खत्म किया गया। मृतक शासकीय मिडिल स्कूल

का कक्षा 6वीं का छात्र है, अकलतरा पुलिस ने बताया कि धान परिवहन कर रहे ट्रक को जब्त कर लिया गया है। ओम प्रकाश अपने साथियों के साथ सड़क किनारे पैदल चल रहा था तभी हादसा हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। वही ट्रक मालिक और परिजनों में आपस में बात चल रही है।

नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025

बालोद। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा लोक निर्माण विभाग सेतु परिक्षेत्र के उप संचालक(वित्त) श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा को जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 हेतु व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा का मोबाइल नंबर 9407956066 है। श्री शर्मा का आम लोगों से मुलाकात करने का समय सर्किट हाउस बालोद के इंद्रावती कक्ष में प्रतिदिन दोहपर 03 से 04 बजे तक निर्धारित किया गया है।

आचार संहिता के दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अवकाश के दिनों में भी कार्यालय में उपस्थित रहने हेतु निर्देश जारी

बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 हेतु आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के फ्लस्वरूप जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शनिवार एवं रविवार तथा अन्य अवकाश में भी कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने कार्य का संपादन करने के निर्देश दिए हैं। अति आवश्यक परिस्थितियों में ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों का अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमति के बिना अपने कार्य एवं मुख्यालय में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के भी निर्देश जारी किए हैं।

मेला कार्यक्रम के दौरान होगी समुचित यातायात एवं पार्किंग की व्यवस्था

भाटापारा। कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में आयोजित मेला कार्यक्रम के दौरान होगी समुचित यातायात एवं पार्किंग की व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस ने व्यवस्था बना ली है। सिमगा भाटापारा तरफसे आने वाले समस्त भक्त गण अपने वाहन -1 स्टेडियम पार्किंग में पार्क करेंगे राष्ट्रीय राजमार्ग 130 से जिन भक्त जनों को ग्राम किरवई तरफआगे जाना है वे शिव मंदिर चौक से डायवर्ट होकर बस्ती के बीच से होते हुए आगे जाएंगे। किरवई तरफसे आने वाले समस्त भकगण जिन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में जाना है वे किरवई मोड़ से डायवर्ट होकर बस्ती के बीच से होते हुए शिव मंदिर चौक होकर जाएंगे कबीर पंथ कार्यक्रम गुरु निवास से शुरू होकर प्रवचन स्थल तक जायेगा। शिव मंदिर चौक कार्यक्रम स्थल मोड और मुख्य चौक में बेरिकेट रहेगा वहां से कोई भी वाहन लेकर प्रवचन स्थल तक नहीं जा पाएंगे भकगण सभी पैदल ही जाएंगे गुरु निवास और भोजन भंडारा से संबंधित सामान ले जाने वाले वाहनों को प्रशासन द्वारा पास दिया जा रहा है, उन वाहनो को कार्यक्रम स्थल एवं भोजन प्रबंध स्थल तक जाने की अनुमति रहेगी।

अवैध रूप से शराब बेचने वाले तीन गिरफ्तार

बलीदाबाजार। थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर स्कूटी वाहन के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध रूप से शराब ले जाते हुए 03 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों से 21,120 कीमत मूल्य का 192 पाव देशी मसाला शराब, अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर स्कूटी वाहन एवं 02 मोबाइल जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 72/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीन आरोपियों आशीष कूर्रे, नारायण सोनवानी उर्फबाबू उर्फरांकी, उमेश निर्मलकर उर्फछोटू को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

प्रकरण में गहन जांच विवेचना कार्यवाही करते हुए तथा गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल नंबर का टेक्निकल परीक्षण के आधार पर दिनांक घटना को तथा उसके पूर्व भी आरोपीगण का रवान शराब दुकान में कार्यरत कर्मचारी एवं 02 अन्य आरोपियों से लगातार संपर्क में रहना पाया गया। जांच में एक माह पूर्व से शराब कोचिया आशीष कूर्रे, शिवम चौहान, कानू उर्फविलास का रवान शराब दुकान के मैनेजर रोहन टंडन से लगातार संपर्क में भी होना पाया गया। आरोपियों रोहन टंडन, शिवम चौहान एवं विलास चेलक द्वारा वित्तीय लाभ कमाने के लिये संगठित होकर अवैध रूप से शराब बिक्री कर आय अर्जित किया गया है। आरोपीगणों द्वारा एक साथ मिलकर संगठित होकर अपराध धारा का कृत्य करने के संबंध में विवेचना में संकलित साक्ष्य से संगठित अपराध की धारा को अंजाम देना पाया गया है। प्रकरण में धारा 111 ब्नस जोड़ी गई। की प्रकरण में तीनों आरोपियों को आज दिनांक 01.02.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

मुख्यमंत्री के करीबी को लाभ पहुँचाने बीजेपी ने कांग्रेस के मेयर कैंडिडेट का नामांकन रद्द कराया: बैज

रायपुर। निकाय चुनाव में प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त होने को लेकर पीसीसी चीफदीपक बैज सरकार के खिलाफ हमला बोला है। उन्होंने सरकार पर दोहरी नीति के तहत काम करने का आरोप लगाते हुए निरस्त किए गए नामांकनों के मामले में हाई कोर्ट जाने की बात कही है.प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में कहा कि भंभतरी में मुख्यमंत्री के करीबी को लाभ पहुँचाने के लिए बीजेपी ने कांग्रेस के मेयर कैंडिडेट का नामांकन रद्द कराया है. यह षड्यंत्रपूर्वक किया गया है, जो पूरे प्रदेश में उजागर हो चुका है. उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं डरा-धमका कर नामांकन वापस करा रहे हैं, तो कहीं नामांकन निरस्त कर रहे हैं.बैज ने कहा कि सूरजपुर में सरकार यादव को ओबीसी नहीं मान रही, लेकिन बिलासपुर में विधानी को ओबीसी मान रही है. 15 साल बीजेपी की सरकार में मलकीत गैदू को भी सरकार ने ओबीसी मानने से इनकार कर दिया था. ये है सरकार की दोहरी नीति. कई जगह वार्डों में भी यही स्थिति है. सरकार चुनाव से डरी हुई है, इसलिए हर हथकंडे अपना रही है. लेकिन हम डरे नहीं है. हर परिस्थिति में हम कार्यकर्ताओं के साथ खड़े है.दीपक बैज ने कहा कि हम हाई कोर्ट जाएँगे, और लड़ाई लड़ेंगे. सीनियर नेताओं से हमारी बात हुई है. हमने अपनी रणनीति सेफ रखी है. बीजेपी ने बहुत गंदी राजनीति की है. सरकार की नियत में खोट थी, इसलिए पहले से यह सब तय करके रखा था. हम इसके खिलाफ़-न्याय की लड़ाई लड़ेंगे.वहीं बेमेतरा जिलाध्यक्ष बंसी पटेल के बाद मोहला-मानपुर में जिलाध्यक्ष के पार्टी छोड़ने पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कुछ कमजोर ज़िलाध्यक्षों को बदलने की चर्चा थी. पार्टी के टिकट नहीं देने के चलते उन्होंने चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दिया है.

नवविवाहिता के मौत मामले में पति, सास ससुर को भेजा गया जेल

रायपुर। थाना भखारा के मर्ग क्रमांक 03/25 के मृतिका नोमेश्वरी साहू की मृत्यु संबंधी जांच मृतिका के परिजनों से पूछताछ कर किया गया परिजनों के कथन से मृतिका का विवाह अप्रैल 2024 में ग्राम डोमा निवासी मि लाल साहू के पुत्र के तिजेन्द्र साहू के साथ सामाजिक रिति रिवाज से हुआ था विवाह के बाद से मृतिका को उसका पति तिजेन्द्र साहू एवं ससुर मि लाल साहू एवं सास फागी बाई साहू के द्वारा दहेज में कम सामान दिये हो दिया हुआ सामान भी सडा गला, लोकल है कहकर लगातार गाली गुप्तार एवं पति के द्वारा मारपीट कर प्रताडित करना बताये हैं तथा पीएम रिपोर्ट में भी डॉ0 द्वारा मृतिका की मृत्यु हत्यात्मक प्रकृति का होना तथा मृतिका के सिर में चोट होना लेख हैं।

तेज रफ्तार माजदा ने मजदूर महिला को कुचला, पति गंभीर

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला में सड़क दुर्घटना घटित हुई हैं। जिसमें माजदा वाहन की जबरदस्त टक्कर व कुचलने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं उसका पति घायल हो गया। घटना घघोड़ा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक घघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बनई में रहने वाला कार्तिकेश्वर अगरिया 39 साल रोजी मजूदरी का काम करता है।

शक्रवार को कार्तिकेश्वर अपनी पत्नी निद्रावती अगरिया के साथ रूपए निकालने के लिए सेंट्रल बैंक घघोड़ा गया था। पत्नी के खाते से रूपए नहीं निकलने पर कार्तिकेश्वर अपने पास रखे रूपए से राशन समान खरीदा। इसके बाद कार्तिकेश्वर अपनी पत्नी को स्कूटी पर पीछे बैठाकर वापस घर लौट रहा था। जब पति-पत्नी शाम तकरीबन पौने 5 बजे ग्राम रेंगालबहरी व बरकसपाली के बीच गायत्री मंदिर के आगे मेन रोड पर पहुंचे थे कि पीछे से आ रही लाल रंग की मास्दा वाहन क्रमांक सीजी 13 एजे 8266 का चालक तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी को जबरदस्त ठोकर मार दिया।

इससे दोनों नीचे गिर गए, तो मास्दा वाहन के पहिए से निद्रावती के पैर को कुचल दिया। इससे काफी खून निकला और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की काफी भीड़ इक्ट्ठा हो गई। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जहां पुलिस तत्काल घायलों को घरघोड़ा अस्पताल ले जाया गया। जहां प्रारंभिक ईलाज के बाद चिकित्सकों ने निद्रावति को मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देकर मास्दा वाहन को वहीं छोड़कर भाग गया। मामले की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

महकने लगे बागान: बौर से लदे आम के पेड़

जांजगीर। प्रकृति में बसंती बहार छाने लगी है। बसंत ऋतु की शुरुआत माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी बसंत पंचमी से मानी जाती है। यह तिथि 3 फरवरी को है। इधर मौसम में भी बदलाव शुरू हो गया है। ठंड कम होने लगती है और हल्की गर्मी का अहसास हो रहा है। इस दौरान पेड़-पौधों पर नई कोपलें और फूल आते दिखने लगे हैं। इससे वातावरण खुशगवार होता जा रहा है।

अज्ञात युवक का शव नहर में तैरता मिला

जांजगीर-चांपा। जांजगीर चांपा जिले के हसदेव नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिला है। शनिवार को वहां नहा रहे लोगों ने फाल पुल के पास पानी में तैरते लाश को देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। नैला चौकी उप थाना प्रभारी राकेश सूर्यवंशी के मुताबिक, नहरिया बाबा मंदिर के पास की घटना है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को नहर से बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक युवक के शरीर पर केवल अंडरवियर था और उसके सिर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस का मानना है कि नहाते समय पैर फिसलने से युवक की डूबने से मौत हुई होगी। मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने उसकी तस्वीरें जिले के सभी थाना क्षेत्रों में भेजी हैं। शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखा गया है, जहां 48 घंटों तक पहचान के लिए रखा जाएगा। इस दौरान कोई पहचान नहीं होती है, तो पोस्टमार्टम के बाद पुलिस टीम द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृतक की पहचान के प्रयास में जुटी है।

बर्ड फ्लू की पुष्टि, जिला प्रशासन ने उठाए सख्त कदम

रायगढ़। छत्तीसगढ़ में बर्ड फ्लू की पहली बार आमद हो गई है। रायगढ़ जिले के चक्रधर नगर स्थित पोल्ट्री फ्रर्म में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के नेतृत्व में आपात बैठक आयोजित कर स्थिति को नियंत्रण में लाने के उपाय तय किए गए। रात के समय ही पोल्ट्री फ्रर्म की पांच हजार मुर्गियों, 12 हजार चूजों और 17 हजार अंडों को नष्ट किया गया। इसके साथ ही, भारत सरकार के एक्शन प्लान के तहत पोल्ट्री फ्रर्म के एक किलोमीटर के दायरे को 'इंफेक्टेड जोन' और 10 किलोमीटर के दायरे को 'सर्विलांस जोन' घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में मुर्गियों और अंडों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अविलंब कार्रवाई की योजना बनाई। प्रशासन ने इस मामले में लोगों को जानकारी देने के लिए एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है। किसी भी प्रकार की जानकारी और सहयोग के लिए लोग 07762-223750 पर कॉल कर सकते हैं।

सीजीएमएससी में करोड़ों रूपए की घोटाले की जांच एसीबी/ईओडब्ल्यू ने की तेज

रायपुर। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन में करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच एसीबी/ईओडब्ल्यू ने तेज कर दी है. हाल ही में एसीबी ने सीजीएमएससी के सबसे बड़े सप्लायर मोक्षित कारपोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार किया था। जिसे कोर्ट ने 4 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है.एसीबी/ईओडब्ल्यू को टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है. वहीं जांच का दायरा बढ़ाते हुए एसीबी/ईओडब्ल्यू ने 6 अधिकारियों से पूछताछ के लिए राज्य सरकार से नियम 17 ए के तहत अनुमति मांगी है.एसीबी/ईओडब्ल्यू अधिकारी ने मीनाक्षी गौतम, वसंत कौशिक, डॉ. अनिल परसाई, क्षिरौंद्र रावटिया, कमलकांत पाटनवार और आनंद राव के नाम पूछताछ के लिए भेजे हैं. सभी अधिकारी सीजीएमएससी में डेपुटेशन पर तैनात रहे हैं या वर्तमान में पोस्टेड हैं। बता दें कि कांग्रेस शासनकाल में स्वास्थ्य विभाग के सीजीएमएससी ने मोक्षित कॉरपोरेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की राजकोष को किस तरह से खाली किया है ये महज दो साल की 'ऑडिट ऑब्जर्वेशन रिपोर्ट' में सामने आया था. ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक करोड़ों की गड़बड़ी की गई है. इस पूरे मामले को लल्लूराम डॉट कॉम ने उजागर किया था. इस पूरे मामले को लेकर 660 करोड़ रुपए के गोल-माल को लेकर भारतीय लेखा एंव लेखापरीक्षा विभाग के प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल (ऑडिट) आईएएस यशवंत कुमार ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार पिंगुआ को पत्र लिखा था.ईओडब्ल्यू ने अपनी एफआईआर में स्वास्थ्य महकमे के आला अधिकारियों के खिलाफ भी अपराध दर्ज किया है. एफआईआर में स्वास्थ्य संचालक और सीजीएमएससी की एमडी पर गंभीर टिप्पणी की गई है. इस एफआईआर के बाद यह माना जा रहा है कि जांच की जद में कई आला अफ्सर आ सकते हैं. चर्चा है कि इस घोटाले में शामिल रहे लोगों की जल्द गिरफ्तारियां होंगी. ईओडब्ल्यू की शुरुआती जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि अफ्सरों की मिलीभगत से सरकार को अरबों रुपए की चपत लगाई गई.लेखा परीक्षा की टीम की ओर से सीजीएमएससी की सप्लाई दवा और उपकरण को लेकर वित्त वर्ष 2022-24 और 2023-24 के दस्तावेज को खंगाला गया तो कंपनी ने बिना बजट आवंटन के 660 करोड़ रुपये की खरीदी की थी, जिसे ऑडिट टीम ने पकड़ लिया था. ऑडिट में पाया गया है कि पिछले दो सालों में आवश्यकता से ज्यादा खरीदे केमिकल और उपकरण को खपाने के चक्कर में नियम कानून को भी दरकिनार किया गया. जिस हॉस्पिटल में जिस केमिकल और मशीन की जरूरत नहीं वहां भी सप्लाई कर दिया गया. प्रदेश के 776 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सप्लाई की गई, जिनमें से 350 से अधिक ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐसे हैं, जिसमें कोई तकनीकी, जनशक्ति और भंडारण सुविधा उपलब्ध ही नहीं थी. ऑडिट टीम के अनुसार ने स्वास्थ्य देखभाल की सुविधाओं में बेसलाइन सर्वेक्षण और अंतर विश्लेषण किए बिना ही उपकरणों और रीएजेंट मांग पत्र जारी किया था.

कैबिनेट सचिवालय में डिप्टी सेक्रेटरी के पद पर मिली पोस्टिंग

रायपुर। छत्तीसगढ़ कैडर की महिला आईएएस अधिकारी नम्रता गांधी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहीं हैं। उन्हें केंद्रीय कैबिनेट सचिवालय में डिप्टी सेक्रेटरी के पद पर पोस्टिंग मिली है। नम्रता गांधी को पंचायत चुनाव के बाद रिलीव किए जाने की संभावना है। यह पोस्टिंग आदेश केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी किया गया है. बता दें कि आईएएस नम्रता गांधी वर्तमान में धमतरी कलेक्टर के पद पर पदस्थ हैं।

अब तक 6 लाख 19 हजार 808 मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

रायपुर। कलेक्टर सु नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत सुचारू रूप से धान खरीदी की गई। जिले के 100 धान उपार्जन केन्द्रों के जरिए 14 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक एक लाख 23 हजार 764 किसानों का 6 लाख 19 हजार 808 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीदे गए धान की कुल राशि 1427.25 करोड़ रूपये है। कुल उपार्जित धान में से 5 लाख 54 हजार 298 मीट्रिक टन धान का समितियों से उठाव कर लिया गया है और शेष 65 हजार 510 मीट्रिक टन धान का उठाव मिलर्स द्वारा किया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने यह भी बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान उड़दस्ता दल द्वारा अवैध धान परिवहन और भण्डारण के विरूद्ध भी कार्रवाई की गई। इसके तहत 77 प्रकरण में 5 हजार 343 क्विंटल धान जब्त किया गया तथा पंजीकृत रकबा में से 4132.99 हेक्टेयर रकबा 43 हजार 815 किसानों द्वारा समर्पण किया गया है।

***रायपुर।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे कड़े अभियान के तहत, विभिन्न प्रकरणों में जब्त किए गए 338.325 किलोग्राम गांजा और अन्य नशीले पदार्थों को ड्रग डिस्पोजल कमेटी के निर्देशन में भिलाई स्टील प्लांट की भट्ठी में जलाकर विधिवत नष्ट किया गया।

बिलाईगढ़ जनपद सदस्य का आरक्षण क्षेत्र:नामांकन की अंतिम तिथि 3

सारंगढ़। पंचायत आम चुनाव अंतर्गत जिले में जिला,जनपद और ग्राम पंचायत के सदस्य, सरपंच और पंच के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 03 फरवरी 2025 निर्धारित है। बिलाईगढ़ जनपद पंचायत के 25 सदस्य हेतु नाम निर्देशन प्राप्त और जमा करने का कार्य तहसील कार्यालय बिलाईगढ़ में होगा। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ का अध्यक्ष पद अनारक्षित मुक्त के लिए आरक्षित है।

जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के 25 सदस्यों हेतु निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 अनारक्षित मुक्त अंतर्गत टुण्डरी, अमलडीहा, कोरकोटी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 अनारक्षित महिला अंतर्गत पुरगांव, तौलीडीह, लिमतरी, सिंघीटार, करियाटार,निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3 अनारक्षित मुक्त अंतर्गत छिर्रा, सोनाडुला, मड़कढ़ी, परसाडीह, केथा, देवरहा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4 अनुसूचित जाति महिला अंतर्गत पचरी, मुड़पार, दुमुहानी, बिसनपुर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 अनारक्षित महिला अंतर्गत नगरदा, बेल्हा, गोरबा, सोनियाडीह, मिरचिद, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 अनारक्षित मुक्त अंतर्गत गोविन्दवन, मल्दी, खजरी, छपोरा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 अनुसूचित जाति महिला अंतर्गत भण्डोरा, रमतला, देवरबोड़, खुरसुला, करबाडबरी, खैरझिटी ,निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8 अनारक्षित मुक्त अंतर्गत पण्डरीपानी, छुईहा, धनसीर, टेंगनाकछार, सुतीउरकुली, बांसउरकुली, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 अनुसूचित जनजाति महिला अंतर्गत सलिहा, धौराभाठा (सु), सुरगुली, परसापानी, गारडीह, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 अनुसूचित जनजाति मुक्त अंतर्गत गेड़ापानी, खुरदरहा, बघमझा, पिरदा, चारपाली, बोड़ा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 अनारक्षित महिला अंतर्गत धारासीव, रिकोटार, डोकरीडीह, सिंघीचुवा, देवसागर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला अंतर्गत बेलटिकरी, चुरेला, डुरूमगड़, जमगहन, बंदारी, टेढ़ीभदरा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 अनारक्षित महिला अंतर्गत सलौनीकला,सलिहाघाट, चिचोली, गिरवानी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 अनारक्षित मुक्त अंतर्गत खम्हरिया, पिपरभवना (ते), रोहिना, गिरसा, धौराभाठा घो,निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 15 अनारक्षित महिला अंतर्गत धनगांव, चिकनीडीह, जोरा, जुनवानी, खपरीडीह, नवापारा, तौलीडीह (ध), निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16 अनुसूचित जाति मुक्त अंतर्गत कोसमकुण्डा, जैतपुर, ओडकाकन, बलौदी, बछौरडीह, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 17 अनुसूचित जाति महिला अंतर्गत बालपुर, पण्डरीपानी, टिहलीपानी, कोट, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 अनुसूचित जाति महिला अंतर्गत मधार्इभाठा, मोहतरा (स), सरधाभाठा, पेण्ड्रावन, चकरदा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 19 अनुसूचित जाति मुक्त अंतर्गत मुच्छमल्दा, झुमका, पीपरहुला, सेंदुरस, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 20 अनुसूचित जाति महिला अंतर्गत कोदवा, तिलाईपाली, पिकरीपाली, बम्हनपुरी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 21 अनुसूचित जाति मुक्त अंतर्गत बिलासपुर, टाटा, मुड़पार निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 22 अनुसूचित जाति मुक्त अंतर्गत गगोरी, रायकोना, भिनोदा, गोपालपुर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 23 अनारक्षित महिला अंतर्गत तेन्दूदरहा, धोबनी, दुरूण, घोघरा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 24 अनारक्षित महिला अंतर्गत सोहागपुर, ढनढनी, किसड़ा, मनपसार, मोहतरा (न) निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 25 अनारक्षित मुक्त अंतर्गत हरदी, सिहारजोर - घरजरा, अमोदी, गाताडीह ग्राम पंचायत शामिल है।

तंबाखू व्यवसायी के ठिकानों पर जीएसटी का छापा

बिलासपुर। न्यायधानी में तंबाखू व्यापारी सुंदरदास एंड कंपनी के ठिकानों पर जीएसटी ने छापा मारा है. कंपनी के प्रोपराइटर संजय आहूजा के सरकंडा स्थिति घर और फैक्ट्री में टीम पहुंची है. दस्तावेजों की जांच के साथ कंपनी से जुड़े लोगों से जीएसटी के अफ्सर पूछताछ कर रहे हैं. बताया जार हा कि यह कार्रवाई जीएसटी चोरी की शिकायत पर की जा रही है।

जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन की प्रक्रिया जारी

बालोद। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। रिटर्निंग आफ्सिर (पंचायत) जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि 03 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 27 एवं 28 जनवरी को 12-12 अभ्यर्थियों, 28 जनवरी को 12, 29 एवं 30 जनवरी को 09-09, 31 जनवरी को 10 एवं 01 फरवरी को 08 अभ्यर्थियों सहित कुल 60 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया है। जिसमें से 28 जनवरी को 01 अभ्यर्थी, 29 जनवरी को 03, 30 जनवरी को 11, 31 जनवरी को 13 एवं 01 फरवरी को 18 अभ्यर्थियों सहित कुल 46 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिला पंचायत एवं जनपद सदस्य सहित पंच एवं सरपंच पदों के लिए नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 03 फरवरी को दोपहर 03 बजे तक निर्धारित की गई है।

अनमोल वचन.....

स्वयं को ट्रस्टी समझ कर चलो
तो हल्केपन का अनुभव होगा।

धर्माधारित विवादित बयान परंपरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी ने कहा है कि अहिंसा की अवधारणा की रक्षा के लिए कभी-कभी हिंसा जरूरी होती है। गुजरात विश्वविद्यालय के हिन्दू आध्यात्मिक सेवा मेला के उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा, हिन्दू सदा ही अपने धर्म की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने धर्म की रक्षा के लिए हमें वे काम भी करने होंगे, जिन्हें दूसरे अधर्म करार देंगे और हमारे ऐसे काम हमारे पूर्वजों ने किए थे। जोशी ने महाभारत का हवाला देते हुए कहा कि पांडवों ने अधर्म को खत्म करने के लिए युद्ध के नियमों की अनदेखी की। हालांकि वसुधैव कुटुंबकम को आध्यात्मिक अवधारणा बताते हुए उन्होंने पूरी दुनिया को एक परिवार मानने की बात भी की। संघ नेता के विचारों में विरोधाभास स्पष्ट है। एक तरफ वह हिंसा की बात कर रहे थे। दूसरी तरफ हिन्दू धर्म के केंद्र में मानवता की बात उठाई। संघ के पदाधिकारियों द्वारा कुछ अंतराल के बाद धर्माधारित विवादित बयान दिया जाना परंपरा बन चुकी है।

चूंकि संघ की विचारधारा हिन्दुत्व के प्रचार और हिन्दू राष्ट्र को कठोरतापूर्वक लेकर चलती है, इसलिए वे ऐसे हथकंडे अपना कर बहुसंख्यकों को प्रभावित करने में कोई कोताही नहीं करना चाहते। एक तरफ वसुधैव कुटुंबकम जैसे जुमले का प्रयोग और उसके साथ ही हिंसा की बात करना तर्कसंगत नहीं लगता।

दूसरे, पांडवों-कौरवों के युद्ध की यहां आवश्यकता स्पष्ट नहीं हो रही। हिन्दुत्व और सनातन हिन्दू धर्म के मर्म को देशवासी भले ही अपरोक्ष तौर पर न समझते हों परंतु वे इस बहकावे में ज्यादा देर नहीं अटके रहते। जैसा कि जोशी ने स्वयं कहा, यह आध्यात्मिकता है, जीवनशैली है। मगर इसमें हिंसा का कोई स्थान नहीं है। संघ प्रमुख रहे मोहन भागवत का कहना था, बल प्रयोग, उग्रवाद, आक्रामकता, अन्य देवताओं का अपमान हमारे देश की प्रकृति में नहीं है, यह अस्वीकार्य है। परंतु जब भी हिंसा की आड़ लेने की बात की जाती है, सिक्के का दूसरा पहलू भी उजागर हो जाता है। जनता को उकसाने, भड़काऊ बयानबाजी करने या धार्मिक उन्माद फैलाने को मकसदहीन नहीं ठहराया जा सकता। बीते कुछ वर्षों में जनता को बरगाले के ये फॉमरूले चूंकि काफी कारगर रहे हैं, इसलिए विवादित धार्मिक संगठन इन्हें त्यागने का इरादा नहीं जुटा पाते प्रतीत हो रहे हैं। उपद्रव या हिंसा की भूमि में अध्यात्म को कितना ही बोया जाता रहे, उसकी फसल कभी नहीं उपज सकती।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है

//प्रह्लाद सबनानी//

विनिर्माण के क्षेत्र में जरूर कुछ चुनौतियां बनी हुई है एवं कई प्रयास करने के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी बढ़ नहीं पा रही है। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित करने की क्षमता है। दिनांक 31 जनवरी 2025 को भारत सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन द्वारा लोक सभा में देश का आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया गया। स्वतंत्र भारत का पहिला आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 1950-51 में बजट के साथ पेश किया गया था। 1960 के दशक में आर्थिक सर्वेक्षण को बजट से अलग कर दिया गया एवं इसे बजट के एक दिन पूर्व संसद में पेश किया जाने लगा।

आर्थिक सर्वेक्षण के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था की समीक्षा की जाती है एवं अर्थव्यवस्था की सम्भावनाओं को देश के सामने लाने का प्रयास किया जाता है। इसे देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक प्रभाग की ओर से तैयार किया जाता है। लोक सभा में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर कुछ देशों में चल रही आर्थिक परेशानियों के चलते भारत के आर्थिक विकास पर भी कुछ विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है, परंतु, चूंकि भारत की आंतरिक अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी हुई है अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 में देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच में रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हाल ही के समय में ग्रामीण इलाकों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई दी है और कृषि क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर बढ़ने की सम्भावना है क्योंकि देश में अच्छे मानसून के चलते रबी की फसल के बहुत अच्छे स्तर पर रहने की सम्भावना है और इससे खाद्य पदार्थों की महंगाई की दर भी कम होगी, जिससे नागरिकों के हाथ में अन्य उत्पादों को खरीदने के लिए धन की उपलब्धता बढ़ेगी। आज केवल खाद्य पदार्थों की महंगाई की दर कुछ अधिक मात्रा में बनी हुई हुई है अन्यथा कोर महंगाई की दर तो पूर्व में ही नियंत्रण में आ चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अर्द्धधार्षिकी में समग्र महंगाई की दर भी नियंत्रण में आ जाएगी। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटने की सम्भावना भी व्यक्त की गई है। भारत आज अपने कच्चे तेल की कुल मांग का 87 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है। यदि कच्चे तेल की कीमतें कम होंगी तो भारत में महंगाई भी कम होगी। विनिर्माण के क्षेत्र में जरूर कुछ चुनौतियां बनी हुई है एवं कई प्रयास करने के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी बढ़ नहीं पा रही है। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित करने की क्षमता है। अतः विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भूमि, श्रम एवं पूंजी की लागत को कम करने की आवश्यकता है। इसके लिए आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में सुधार कार्यक्रमों को गति देने की आवश्यकता है ताकि इन इकाईयों की उत्पादकता में सुधार हो सके एवं इनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की उत्पादन लागत कम हो सके। विनिर्माण क्षेत्र में कार्य कर रही इकाईयों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाए जाने की आज महती आवश्यकता है।

सेवा क्षेत्र लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है एवं इस क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर अतुलनीय बनी हुई है। भारत में वर्तमान में महाकुम्भ मेला चालू है। आज प्रतिदिन एक करोड़ के आसपास श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए प्रयागराज में पहुंच रहे हैं। रेल्वे द्वारा प्रतिदिन लगभग 3,000 विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए कुछ आंकड़ों के अनुसार, महाकुम्भ मेले से उत्तरप्रदेश में 2 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यवसाय एवं 25,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय उत्तरप्रदेश सरकार को होने की सम्भावना है। रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। यह समस्त कार्य न केवल धार्मिक पर्यटन, होटल व्यवसाय, छोटे छोटे उत्पादों के निर्माण एवं बिक्री में अतुलनीय वृद्धि दर्ज करने में सहायक हो रहे हैं बल्कि इससे देश के सेवा क्षेत्र में भी विकास दर तेज हो रही है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी अधिक होगी उस देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर अधिक रहेगी क्योंकि विभिन्न उत्पादों को खरीदने के लिए अर्थव्यवस्था में मांग तो इसी वर्ग के माध्यम से उत्पन्न होती है। अतः देश में प्रयास किए जाने चाहिए कि मध्यमवर्गीय परिवारों के हाथ में अधिक राशि उपलब्ध रहे। भारत में हालांकि समावेशी विकास हुआ है क्योंकि गरीबों की संख्या में तेजी से एवं भारी मात्रा में कमी दर्ज हुई है। परंतु, गरीबी रेखा से हाल ही में ऊपर आकर मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी शामिल हुए परिवार कहीं फिर से गरीबी रेखा के नीचे नहीं चले जायें, इस सम्बंध में भरसक प्रयास किए जाने चाहिए।

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों में हो रही आर्थिक परेशानियों के चलते भारत निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्यात में उतनी वृद्धि दर्ज नहीं हो पा रही है जितनी आर्थिक विकास की दर को 8 प्रतिशत से ऊपर रखने के लिए होनी चाहिए। इससे विदेशी व्यापार घाटा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। साथ ही, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत पर भी लगातार दबाव बना हुआ है। हालांकि विदेशी निवेश में आ रही कमी को अस्थायी समस्या बताया गया है और विभिन्न देशों में स्थितियों के सुधरने एवं अमेरिका में आर्थिक नीतियों के स्थिर होने के साथ ही, भारत में विदेशी निवेश पुनः बढ़ने लगेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के 6.2 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। वृद्धि दर में गिरावट के मुख्य कारणों में शामिल हैं देश में लोक सभा एवं कुछ राज्यों में विधान सभा चुनाव होने के चलते आचार संहिता लागू की गई थी, इससे केंद्र सरकार एवं कुछ राज्य सरकारों को अपने पूंजीगत खर्चों को रोकना पड़ा था। नवम्बर 2024 तक केंद्र सरकार द्वारा केवल 5 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च किये जा सके हैं, जबकि औसतन 90,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च प्रति माह होने चाहिए थे। क्योंकि, पूंजीगत खर्चों के लिए पूरे वर्ष भर का बजट 11.11 लाख करोड़ रुपए का निर्धारित हुआ था। अब सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में केवल 9 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च ही हो सकते हैं। विभिन्न कम्पनियों द्वारा अदा किए जाने वाले कर में भी कमी दिखाई दी है और कुछ कम्पनियों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। जिन जिन कम्पनियों की लाभप्रदता बहुत अच्छे स्तर पर बनी हुई है, इन कम्पनियों से अपेक्षा की गई है कि केंद्र सरकार के साथ साथ वे भी अपने पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करें ताकि देश में नई विनिर्माण इकाईयों की स्थापना हो और विभिन्न उत्पादों की आपूर्ति बढ़े, रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित हों और महंगाई पर नियंत्रण बना रहे। विशेष रूप से देश में आधारभूत ढांचे को और अधिक मजबूत करने में निजी कम्पनियों द्वारा अपनी भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक को ब्याज दरों में कमी करने के सम्बंध में भी अब गम्भीरता से विचार करना चाहिए ताकि विनिर्माण इकाईयों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की उत्पादन लागत कम की जा सके और वैसे भी अब मुद्रा स्फीति तो नियंत्रण में आ ही चुकी है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में मुद्रा बाजार में 1.5 लाख करोड़ रुपए की राशि से तरलता को बढ़ाया तो है, इससे बैकों द्वारा विभिन्न कम्पनियों, कृषकों एवं व्यापारियों को ऋण प्रदान करने में आसानी होगी। आर्थिक सर्वेक्षण में यह भी बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 273 लाख करोड़ रुपए का रहा है जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 295 लाख करोड़ रुपए का हो गया, अब वित्तीय वर्ष 20224-25 में 324 लाख करोड़ रुपए एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 357 लाख करोड़ रुपए का रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। इस प्रकार सम्भव है कि भारत आगामी 2/3 वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसी प्रकार बजट घाटा जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में 6.4 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5.6 प्रतिशत का रहा था वह अब वित्तीय वर्ष 2024-25 में घटकर 4.8 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.5 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। इस प्रकार केंद्र सरकार द्वारा देश की वित्तीय स्थिति को लगातार मजबूत बनाए रखने के प्रयास सफल रहे हैं। केंद्र सरकार के बजट में कुल आय 34.3 लाख करोड़ रुपए एवं कुल व्यय 50.3 लाख करोड़ रुपए रहने की सम्भावना है, इससे बजट घाटा 16 लाख करोड़ रुपए का रह सकता है।

मध्यम वर्ग के लिए बजटः विकसित भारत 2047 का मार्ग

//डॉ. विनोद सेन//

केंद्रीय बजट 2025-26 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला व्यापक बजट है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया आठवा बजट है। यह बजट विकसित भारत 2047 के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है, जो राष्ट्रीय आर्थिक परिदृश्य में नई ऊर्जा और आशा का संचार करता है। इसकी वित्तीय रणनीति नवाचार, समावेश और निवेश के सिद्धांतों पर आधारित है। बजट में दस प्रमुख विकास फोकस क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, जिनमें कृषि और उत्पादकता, ग्रामीण समृद्धि, समावेशी विकास, विनिर्माण एवं मेक इन इंडिया, एमएसएमई समर्थन, रोजगार सृजन, निवेश और नवाचार, ऊर्जा सुरक्षा, निर्यात संवर्धन और नवाचार को बढ़ावा देना शामिल है।

इन क्षेत्रों में निवेश से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक स्थिरता और सतत विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सहायता मिलेगी। प्रत्येक वर्ष बजट से प्रमुख अपेक्षाओं में से एक आयकर सुधारों से संबंधित होती है, विशेष रूप से वेतनभोगी करदाताओं के लिए। केंद्रीय बजट 2025 में प्रस्तावित नई कर दरें इस प्रकार हैं: 4,00,000 रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं; 4,00,001 रुपये से 8,00,000 रुपये तक की आय पर 5 प्रतिशत कर; 8,00,001 रुपये से 12,00,000 रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत कर; 12,00,001 रुपये से 16,00,000 रुपये तक की आय पर 15 प्रतिशत कर; 16,00,001 रुपये से 20,00,000 रुपये तक की आय पर 20 प्रतिशत कर; 20,00,001 रुपये से 24,00,000 रुपये तक की आय पर 25 प्रतिशत कर; और 24,00,000 रुपये से अधिक की आय पर 30 प्रतिशत कर। ये संशोधित कर स्लैब मध्यम आय वर्ग को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, साथ ही अर्थव्यवस्था में उपभोग को बढ़ावा देने के लिए भी। नई कर व्यवस्था कर छूट की सीमा को बढ़ाती है, कर दरों में संशोधन करती है, और करदाताओं की वित्तीय स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयासरत है।प्रत्यक्ष कराधान के अलावा, कस्टम ड्यूटी के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। विशेष रूप से, जीवनरक्षक दवाओं, जिनमें कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के उपचार शामिल हैं, पर सीमा शुल्क से छूट दी गई है। यह बजट स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, उभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, जैसे एलसीडी और एलईडी टेलीविज़न की कीमतों में कमी आने की संभावना है, जिससे घरेलू उपयोगकर्ताओं को लाभ होगा और घरेलू मांग को प्रोत्साहन मिलेगा। केंद्रीय बजट 2025 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए क्रेडिट गारंटी का विस्तार किया गया है, जिसमें कवरेज सीमा को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, स्टार्टअप वित्त पोषण की सुविधा के लिए 10,000 करोड़ रुपये का नया कोष आवंटित किया गया है। राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन इस बजट का एक प्रमुख घटक है, जो मेक इन इंडिया पहल के उद्देश्यों को सशक्त करेगा। इसके अलावा, युवाओं की रोजगार क्षमता और तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ाने के लिए पांच राष्ट्रीय कौशल केंद्र स्थापित किए जाएंगे। बजट में लघु उद्योगों (लघु उद्यमों) के लिए वित्तीय सहायता और क्षमता निर्माण उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रमुख आवंटनों में एमएसएमई वित्त पोषण के लिए 15,000 करोड़ रुपये, उत्पादन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के विस्तार के लिए 10,000 करोड़ रुपये, उन्नत क्रेडिट सहायता के लिए 5,000 करोड़ रुपये, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 7,000 करोड़ रुपये, तकनीकी उन्नति के लिए 3,500 करोड़ रुपये और कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए 2,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। ये वित्तीय उपाय लघु उद्योगों के विकास की गति को बढ़ाने, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और रोजगार सृजन में योगदान देने का लक्ष्य रखते हैं।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ऋण सीमा को बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है, जो पहले 3 लाख रुपये थी। यह संशोधन कृषि वित्तपोषण को और अधिक सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उच्च ऋण सीमा किसानों को अपनी उत्पादन लागत को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने, नवीन कृषि पद्धतियों को अपनाने और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में सहायक होगी। यह नीति कृषि क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करेगी और किसानों की वित्तीय स्थिरता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। केंद्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम का प्रतिनिधित्व करता है, जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना को दर्शाता है। यह बजट रोजगार सृजन, सामाजिक समानता और समावेशी आर्थिक विस्तार को प्राथमिकता देकर आर्थिक स्थिरता और संतुलन को बढ़ावा देता है। कर सुधार, बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, श्रम बाजार सुधार और सामाजिक कल्याण हस्तक्षेप जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके सरकार समावेशी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, सतत विकास और वित्तीय क्षेत्र में सुधारों पर जोर एक दीर्घकालिक रणनीति को इंगित करता है, जिसका उद्देश्य समष्टि आर्थिक लचीलेपन और समग्र वृद्धि को सुनिश्चित करना है। सरकार महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक निर्धारकों को संबोधित करके निवेश, औद्योगिक प्रगति और जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने की इच्छा रखती है।

राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आप अपने कार्य पर ध्यान देंगे और सकारात्मक रहेंगे। किसी समस्या का हल आपके काम से ही मिलेगा। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहने से बचेंगे, तो आप अपने काम में बढ़िया परफॉर्म करेंगे। आज आप अपनी पसंदीदा गतिविधियों को महत्व देंगे, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। वहमे आज घर की साफ-सफाई में माता जी की मदद करेंगे।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि लाएगी। बच्चों के किसी काम से मन प्रसन्न रहेगा। राशि से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे, तो सब सही रहेगा। आज आप जिस भी कार्य को करेंगे, वह अवश्य पूरा होगा।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। नया बिजनेस शुरू करना चाह रहे हैं तो आज उससे संबंधित शुरुआत करना बहुत ही अनुकूल रहेगा। पॉर्पोरेट के बिजनेस के लिए भी लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी। महिला के लिए नई खोजबीन करेंगी। ईश्वर में अध्यात्म विश्वास बढ़ेगा। दूसरे क्या कह रहे हैं, इस पर ध्यान दिए बिना अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे, इससे आपके पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा। आज आपके अंदर आ रहे बदलाव के कारण परिवारजन प्रसन्न रहेंगे। आइये लक्ष्य पूरे करने के लिए दिन रहेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन और घर की व्यवस्था में मधुरता और आपसी सामंजस्य उचित रहेगा। युवा वर्ग व्यर्थ के कामों में पड़कर समय नष्ट ना करें। कुछ समय अपने स्वास्थ्य और मनोबल को बेहतर बनाने में भी व्यतीत करेंगे। आज आपके ऊपर कार्यों का अत्यधिक भार रहेगा।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज जीवनसाथी व परिवारजनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रहेगा। आप सकारात्मक होकर अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे। आज आपको स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा।

तुला राशि- आज का दिन फैवरेबल रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक समस्या हल होने वाली है। पहले का स्वयं पैसा आज मिल जाएगा। आत्म चिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी रिश्तेदार से चल रही अनबन आज किसी की मध्यस्थता से हल होगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए सुखद रहने वाला है। आध्यात्मिक और आध्यात्मिक उन्नति की तरफ आपका ध्यान केंद्रित होगा। अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्रचित्त रहें, जिससे आपको सफलता प्राप्त होगी।युवाओं को किसी अनुभवी और प्रतिष्ठित व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बुद्धि विवेक से यदि निर्णय लेंगे, तो उसमें आपको लाभ अवश्य मिलेगा।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थी और युवा अपनी सफलता को लेकर मन में किसी भी तरह का संशय न रखें, मेहनत जारी रखें। नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। घर के बड़े बुजुर्गों व वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखना अति आवश्यक है।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीद करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर विश्वास रखें। युवा वर्ग मानवाओं में आकर निर्णय लेने से बचे। जीवन से जुड़ी हर गतिविधि को व्यवहारिक तरीके से समझने का प्रयास करें। परिवार के सदस्यों के साथ आप सुखद पलों को साझा करेंगे। आप अपनी कला का प्रदर्शन करके लोगों को हैरान करेंगे।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए नई ऊर्जा से भरा रहने वाला है। नौकरी और बिजनेस के सिलसिले में यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आप उस कार्य को लेकर कामयाब होंगे, जिसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। नौकरीपेशा लोग कार्यभार कम होने से राहत की सांस लेंगे।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद होगी। ये समय आपके लिए आगे बढ़ने का है, सही दिशा में प्रयास करेंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कुछ लोग ईर्ष्या के कारण आपकी आलोचना करेंगे और आपका ध्यान आपके लक्ष्य से भटका सकते हैं।

तस्वीरों की दुनिया

कर्नाटक रक्षण वेदिके के सदस्य महा संघर्ष यात्रा में भाग लेते हुए मांग करते हैं कि राज्य में बेघे और उपयोग किए जाने वाले सभी उत्पादों पर 60 प्रतिशत लेबल बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में लगाए जाएं।

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी नई दिल्ली में केंद्रीय बजट 2025-26 पर मीडिया को जानकारी देते हुए।

उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के तंगमर्ग गांव का एक सुंदर दृश्य, जहां विहंड़ खुद शुरू हो रहा है, जिससे तंगमर्ग घाटी में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो रही है।

आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले नई दिल्ली के जामा मस्जिद में एक जनसभा के दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 में महंत गलवारा जी महाराज के पट्टा अभिषेक समारोह के दौरान।

व्यापारिक समुदाय के उद्योगपति केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नई दिल्ली में सीआईआई द्वारा आयोजित एक प्रोजेक्ट पर संसद में अंतरिम बजट 2024 पेश करते हुए देखते हुए।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में।

विहंगम संगम देख आह्लादित हुए 73 देशों के राजनयिक बताया अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव

महाकुंभ नगर, 02 फरवरी [एजेंसी]।

दिव्य-भव्य महाकुंभ पहुंचे दुनिया के 73 देशों के राजनयिक शनिवार दोपहर को विहंगम संगम को देख आह्लादित हो उठे। एक दिवसीय आध्यात्मिक भ्रमण पर महाकुंभ में आए इन राजनयिकों ने पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाकर अक्षयवट, सरस्वती कूप और बड़े हनुमान मंदिर में माथा टेका। पूजा अर्चना के बाद अखाड़ों के संतों से आशीष लिया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया। महाकुंभ मेला स्थित पुलिस लाइन में शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजनयिकों से संवाद किया। सीएम योगी ने राजदूतों से कहा कि उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने विदेशी राजनयिकों को महाकुंभ के साथ ही प्रयागराज के महात्म्य से परिचित कराया। बताया कि भारत के अधिकांश तीर्थ गंगा तट पर ही स्थित है। प्रयागराज तो तीर्थों का राजा है, जिसे तीर्थराज कहा जाता है। उन्होंने राजनायिकों का प्रयागराज में स्वागत करते हुए कहा कि उन सभी की ये यात्रा निश्चित रूप से स्मरणीय साबित होगी। जब वो यहां से लौटेंगे तो स्वयं के साथ यादगार अनुभव लेकर जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया महाकुंभ को कौतूहल की दृष्टि से देख रही है। आप सभी का यहां आना हमे प्रफुल्लित करता है।

महाकुंभ का ये पर्व हम सभी को आनंदित करता है। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम पर बसा प्रयागराज दुनिया का प्राचीन नगर है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब है। अब तक देश और-दुनिया से करीब 34 करोड़ लोग यहां आकर संगम स्नान कर चुके हैं। यहां 26 फरवरी तक 45 करोड़ लोगों के आने की संभावना है। इस अवसर पर विदेशी राजनयिकों ने भी अपने अनुभवों को सीएम योगी के सामने साझा किया। भारतीय संस्कृति में नदियों, वृक्षों की पूजन परंपरा और उनके

आध्यात्मिक महत्व को जानकर कई देशों के राजनयिक विशेष रूप से प्रभावित हुए। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा भी मौजूद थे। भारत की प्राचीन परंपरा और संस्कृति का साक्षात्कार करने 73 देशों राजनयिक महाकुंभ में सम्मिलित हुए। आस्था और आध्यात्म के सबसे बड़े समागम महाकुंभ में राजनयिकों का सबसे पहले अरैल क्षेत्र स्थित अस्थायी सर्किट हाउस त्रिवेणी संकुल में यूपी सरकार की ओर से स्वागत और अभिनंदन किया गया। वहां से सभी राजनयिकों को मोटर बोट के जरिए पवित्र त्रिवेणी का दर्शन व डुबकी लगवाई गई। उन्हें देश की सनातन संस्कृति और उसमें पवित्र संगम व महाकुंभ की महत्ता के बारे में बताया गया। कुछ देश के राजनयिकों ने संगम में पवित्र स्नान और गंगा जल का आचमन भी लिया। इसे जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया।बोले राजनयिक, भारतीय संस्कृति व धरोहर को दर्शाता है महाकुंभविभिन्न देशों के राजनयिकों व विदेशी अतिथियों के 73 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिव्य-भव्य, नव्य महाकुंभ को देख अभिभूत हो उठा। अतिथियों ने कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति व धरोहर को दर्शाता है। महाकुंभ पहुंचकर राजदूतों ने खुद को सौभाग्यशाली बताया। योगी सरकार व विदेश मंत्रालय द्वारा राजनयिकों के लिए इस यात्रा की व्यवस्था पर खुशी भी जताई। महाकुंभ बहुत ही विशेष आयोजन है। इसलिए मैं हिंदू संस्कृति को समझने के लिए यहां आने को उत्सुक थी। मुझे बहुत खुशी है कि राज्य सरकार और विदेश मंत्रालय राजनयिकों के लिए इस यात्रा की व्यवस्था कर रहा है।-केइची ओनो, भारत में जापान के राजदूतमैं इस महत्वपूर्ण आध्यात्मिक समारोह में शामिल होकर काफी प्रसन्न हूं। यहां की परंपराओं का पालन करके बहुत खुशी भी हो रही है। महाकुंभ में आकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।-मारियानो कार्जचिनो, भारत में अर्जेंटीना के राजदूतमैं कई वर्षों से भारत से जुड़ी हुई हूं। मैं हमेशा यहां आना चाहती थी लेकिन कभी भी किसी कुंभ में शामिल होने का अवसर नहीं मिला। आज यह खास और शुभ महाकुंभ का समय है, यह सौभाग्य है कि मैं भारत में हूं। मैंने यहां के आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लिया। यह दृश्य मेरी आंखों में हमेशा रहेगा।

स्नान कर जो ऊर्जा महसूस किया, उसके लिए शब्द ही नहीं।-डायना मिकेविकिएने, भारत में लिथुआनिया की राजदूतअल्जीरिया, अंगोला, अर्जेंटीना, अर्मेनिया, आस्ट्रिया, बांग्ला देश, बेलारूस, बेल्जियम, भूटान, बोलीविया, बोट्सवाना, बुल्गारिया, बर्कीना फासो, बुरुंडी, कंबोडिया, कैमरून, चड, चिली, कोलंबिया, कोस्टारिका, क्यूबा, साइप्रस, सीजेच रिपब्लिक, एक्वाडोर, ईजिप्ट, एल सल्वाडोर, एरीटिरिया, अस्टोनिया, फिजी, फिनलैंड, जार्जिया, जर्मनी, गाटेमाला, गीनिया, गुयाना, हंगरी, आइसलैंड, इटली, जमैका, जापान, किर्गिस्तान, लैटविया, लेसोथो, लिथुआनिया, लेग्जमबर्ग, मलेशिया, माली, माल्टा, मेक्सिको, मोल्डोवा, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, नीदरलैंड, पैराग्वे, पेरू, पोलैंड, रोमानिया, रूस, सेचेल्स, स्लोवाक, साल्वेनिया, सोमालिया, दक्षिण अफ्रीका, सूरीनाम, स्वीडन, स्विटजरलैंड, थाईलैंड, ट्यूनीशिया, तुर्की, उरुग्वे, वेनेजुएला, जिंबाब्वे।

अरब देशों ने फलस्तीनियों पर ट्रंप का सुझाव खारिज किया

काहिरा। अरब देशों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस सुझाव को खारिज कर दिया है जिसमें फलस्तीनी लोगों को गाजा से निकलकर मिस्र और जार्डन में जा बसने के लिए कहा गया था। मिस्र, जार्डन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, फलस्तीनी प्राधिकार और अरब लीग ने शनिवार को संयुक्त बयान जारी कर ट्रंप के सुझाव को अस्वीकार करने का ऐलान किया।यह संयुक्त बयान विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी किया गया। बयान में कहा गया है कि फलस्तीनी आबादी को गाजा और इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक से विस्थापित करने के लिए किसी भी सुझाव या प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।बयान में चेतावनी दी गई है कि ऐसी किसी भी योजना से क्षेत्र की स्थिरता प्रभावित होगी और फलस्तीन को लेकर चल रहा संघर्ष अन्य इलाकों में भी फैल जाएगा। विदित हो कि ट्रंप ने गाजा में युद्ध से हुई बर्बादी का जिक्र करते हुए वहां के लोगों को मिस्र और जार्डन जाने का सुझाव दिया था, उनके जाने के बाद ही गाजा के पुनर्निर्माण का कार्य होने की बात कही थी। मिस्र, जॉर्डन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीनी प्राधिकरण और अरब लीग के विदेश मंत्रियों और अधिकारियों ने कहा कि ट्रंप के प्रस्तावित कदम से क्षेत्र में स्थिरता को खतरा होगा, संघर्ष फैलेगा और शांति की संभावनाएं कमजोर होंगी।यह बैठक ट्रंप द्वारा पिछले सप्ताह कहे जाने के बाद हुई कि मिस्र और जॉर्डन को गाजा से फिलीस्तीनियों को लेना चाहिए, जिसे उन्होंने 15 महीने की इजरायली बमबारी के बाद विध्वंस स्थल कहा था, जिसमें इसके 2.3 मिलियन लोगों में से अधिकांश बेघर हो गए थे। मिस्र और जॉर्डन - क्षेत्र में प्रमुख अमेरिकी सहयोगी - ने गाजा को साफ करने के ट्रंप के प्रस्ताव को बार-बार खारिज कर दिया है। जॉर्डन कई मिलियन फलस्तीनियों का घर है, जबकि हजारों लोग मिस्र में रहते हैं।बुधवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने भी ट्रंप के विचार को खारिज कर दिया और कहा कि मिस्रवासी अपनी अस्वीकृति व्यक्त करने के लिए सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि फलस्तीनी लोगों को उनकी भूमि से विस्थापित करना एक अन्याय है जिसमें हम भाग नहीं ले सकते।

नाबालिग छात्रा को लगी गेमिंग ऐप की लत, बिहारी युवक से दोस्ती हुई तो भागकर पहुंची गुजरात, पुलिस ने ऐसे खोज निकाला

नोएडा। घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकली 11वीं क्लास की नाबालिग छात्रा को जेवर कोतवाली पुलिस ने बरामद कर लिया। नाबालिग की गेमिंग ऐप फ्री फायर पर बिहार के रहने वाले युवक से दोस्ती हुई थी और नाबालिग दोस्ती की खातिर उसके साथ रहने का फैसला कर बैठी। यहीं नहीं दोनों ने साथ रहकर इंटरनेट मीडिया का उपयोग करते हुए दोस्तों के कारोबार को आगे बढाने का फैसला भी किया। पुलिस जब युवती को तलाशते हुए जेवर से गुजरात पहुंची तो युवती ने पुलिस के साथ आने से मना कर दिया। हालांकि नाबालिग होने की वजह से पुलिस छात्रा को गुजरात से बरामद कर जेवर लेकर पहुंची। जहां से चाइल्ड केयर गामा वन में रखा है। कानूनी कार्रवाई पूरी होने के बाद छात्रा को स्वजन को सौंपा जाएगा। अलीगढ़ के एक गांव निवासी एक नाबालिग छात्रा जेवर के एक इंटर कालेज में 11वीं क्लास की छात्रा है। मंगलवार को युवती अपनी सहेलियों के साथ घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन न तो स्कूल पहुंची और न ही स्कूल के बाद घर पहुंची। स्वजन ने छात्रा के गायब होने की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू की तो पुलिस को छात्रा के गुजरात के वडोदरा जिले के डबोई में होने की जानकारी मिली।छात्रा फ्री फायर से दोस्ती करने वाले युवक के साथ फरीदाबाद से ट्रेन में सवार होकर गुजरात पहुंच गई। जिसके बाद जेवर कोतवाली से पुलिस की एक टीम गुजरात से छात्रा को बरामद करने के लिए निकली। गुजरात पहुंची पुलिस टीम को देख छात्रा ने घर वापस आने से मना कर दिया। छात्रा ने बताया कि वह अपनी मर्जी से घर से यहां तक पहुंची है। अब वह अपने दोस्त के ऑनलाइन टायर कारोबार को आगे बढ़ाने में मदद करेगी।

सौतेली मां की हैवानियत, छह साल की बच्ची को जलाकर मार डाला,बोरी में भरकर छिपा दिया शव

डुमरांव (बक्सर)। बक्सर के नया भोजपुर में मानवीय संवेदना को झकझोर देने वाली एक खौफनाक घटना सामने आई है।एक सौतेली मां ने छह साल की बेटी को जिंदा जलाकर मार डाला। घटना को अंजाम देकर सौतेली मां ने बेटी केशव को बोरी में भरकर चौकी के नीचे छिपा कर रखी थी। साक्ष्य मिटाने के लिए शव को ठिकाने लगाने की तैयारी में थी, तब तक खोजबीन के दौरान बच्ची को जिंदा जलाकर मारने की भनक मिलते ही इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। त्वरित करवाई पुलिस ने आरोपित सौतेली मां को गिरफ्तार करआगे की करवाई में जुट गई है।मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त गांव निवासी पप्पू गोड़ की पहली पत्नी की तीन साल की बच्ची छोड़कर स्वर्ग सिधार गई थी। दिल्ली में पप्पू करता था नौकरीबच्ची का नाम आंचल है और नन्ही मुन्ही बच्ची को आंचल की छांव देने के लिए पप्पू ने दूसरी शादी पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के कोटवां नारायणपुर में की।ससुराल आने के बाद सौतेली मां विचार-व्यवहार कुछ दिनों तक ठक-ठाक रहा, लेकिन बाद में असली रूप दिखाना शुरू कर दिया।पप्पू भरण-पोषण के लिए दिल्ली के किसी होजियरी कंपनी में नौकरी करता है। पिछले कई दिनों से कुछ बात को लेकर अनबन चल रहा था। घर में छह वर्षीय बच्ची के अलावे पप्पू की एक मूक-बधिर मां है।

कम उत्पादकता वाले जिले होंगे धन धान्य, राज्यों के साथ होगी प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की शुरुआत

नईदिल्ली, 02 फरवरी [एजेंसी]।

ग्रामीण आबादी को संपन्नता की ओर ले जाने एवं उनके कार्यकलाप को सहज-सुलभ बनाने में राज्यों की भी सहभागिता होगी। केंद्र सरकार उनके साथ मिलकर गांवों के विकास की कहानी लिखेगी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंग्रेजी के ज्ञान शब्द को ध्यान में रखकर गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी सशक्तिकरण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव का खाका खींचा है। इसके लिए राज्यों से मिलकर प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की शुरुआत की जाएगी।योजना की प्रेरणा आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सफलता से ली गई है। इसके तहत वर्तमान में चल रही कृषि योजनाओं एवं उपायों के माध्यम से कम उत्पादकता वाले, कम बुआई और औसत से कम ऋण मानदंडों वाले सौ जिलों पर फोकस किया जाएगा।कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसका उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि गरीबी मुक्त भारत के लिए गरीबी मुक्त गांव का संकल्प है। ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास कर अन्य जिलों के लोगों के बराबर खड़ा करना है। परंपरागत कृषि पद्धतियों, फसल विविधता एवं खेती के तौर-तरीके को उन्नत कर उत्पादन बढ़ाया जाएगा।गांवों में सबसे बड़ी समस्या अन्न भंडारण की आती है। इसके लिए पंचायत स्तर पर भंडारण की व्यवस्था की जाएगी। सिंचाई की सुविधाओं में सुधार किया जाएगा और छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए ऋण की उपलब्धतता सुनिश्चित की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को सहायता मिलेगी। बजट में कहा गया है कि राज्यों की भागीदारी से व्यापक बहु-क्षेत्रीय ग्रामीण समृद्धि एवं अनुकूलन कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इससे किसानों एवं कृषि श्रमिकों का कौशल विकास होगा। खेती में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही नई तकनीक के प्रयोग से कृषि क्षेत्र में कम रोजगार की समस्या का समाधान होगा। सरकार दावा है कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान आएगी और कृषि क्षेत्र की आय में भी वृद्धि होगी। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर को बढ़ाना है, ताकि पलायन से रोका जा सके। कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं, छोटे किसानों, युवाओं तथा भूमिहीन परिवारों के कल्याण पर केंद्रित होगा। उद्योग-धंधे को गति मिलेगी।महिलाओं को रोजगार के जरिए वित्तीय आजादी मिलेगी। युवा कृषकों को रोजगार और व्यवसाय के मौके मिलेंगे। बैंकों से तकनीकी और वित्तीय मदद मांगी जाएगी। प्रथम चरण में सौ जिलों को शामिल किया जाएगा। बाद में योजना का विस्तार होगा। कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को आम बजट में विकास की ललक, विश्वास की महक और विकसित भारत के निर्माण की तड़प दिख रही है। उन्होंने कहा है कि यह संपन्न, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण का बजट है। ग्रामीण विकास के लिए एक लाख 88 हजार 754 करोड़ 53 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं, जो अबतक का सर्वाधिक है।

मिसाइल के क्षेत्र में बढ़ी भारत की ताकत, कम ऊंचाई वाले लड़ाई लायेंगे ध्वस्त, तीन सफल परीक्षण पूरे

बालेश्वर। भारत ने स्वदेशी पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम बनाने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शनिवार को ओडिशा के चांदीपुर में वीएस एच ओ आर डी एस मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया।यह मिसाइल प्रणाली कम ऊंचाई पर उड़ने वाले दुश्मन के किसी भी ड्रोन या अन्य लक्ष्य को सटीक तरीके से नष्ट कर सकता है। यह मिसाइल प्रणाली भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित की गई है। यह देश में एयर डिफेंस सिस्टम को और मजबूत बनाएगी।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए डीआरडीओ तथा सशस्त्र बल को बधाई दी है। सभी तीन परीक्षणों में मिसाइल ने कम ऊंचाई पर तेज गति से उड़ने वाले लक्ष्यों को भेदकर पूरी तरह नष्ट कर दिया।

सचिन तेंदुलकर को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, बुमराह-मंधाना बने सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

नईदिल्ली, 02 फरवरी [एजेंसी]।

क्रिकेट के भगवान के नाम से प्रसिद्ध दिग्गज पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को शनिवार को बीसीसीआई ने कर्नल सीके नायडू लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा। उन्हें यह पुरस्कार बीसीसीआई के पूर्व सचिव और आईसीसी के चेयरपर्सन जय शाह ने सौंपा। 2013 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले इस दिग्गज खिलाड़ी के रिकॉर्ड को आज भी कोई नहीं तोड़ सका है। बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड समारोह में वर्तमान टीम के सबसे महत्वपूर्ण तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सर्वश्रेष्ठ मेंस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर को दिए जाने वाला पाली उमरीगर अवॉर्ड और महिलाओं में टीम की प्रमुख बल्लेबाज स्मृति मंधाना को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुंबई के 51 वर्षीय दिग्गज पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के नाम 664 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में क्रिकेट इतिहास में टेस्ट और वनडे में सर्वाधिक रन हैं। शनिवार को सम्मानित होने के बाद उन्होंने युवा क्रिकेटरों को संदेश दिया, हमेशा अपने खेल के मूल्य को समझें और इसका ध्यान

रखें। मुझे यह अहसास तब हुआ जब 2013 में मैं अंतिम बार खेलने उतरा कि अब मैं कभी मैदान पर वर्तमान भारतीय क्रिकेटर के रूप में नहीं उतर सकूंगा। इसी तरह जब आप संन्यास लेंगे आपको अनुभव होगा कि कुछ वर्ष पहले आप कहां थे। इसलिए अपने खेल का पूरा आनंद लीजिए क्योंकि अभी वर्तमान भारतीय क्रिकेटर के रूप में आपमें बहुत क्रिकेट बचा है और ध्यान भटकाने वाली चीजों से जितना दूर हो सके रहें। आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट और ओवरऑल सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बनने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के लिए पिछला वर्ष शानदार रहा है। भारत की इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जीत में उनकी भूमिका अहम रही है।

31 वर्षीय गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया में खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी प्लेयर आफ द सीरीज थे। उन्होंने कंगारुओं को उन्हीं के घर पर पांच मैचों की सीरीज में 32 विकेट चटकाकर खौफ का दर्शन करा दिया था।आकर्षक शैली से बल्लेबाजी करने वाली स्मृति मंधाना को महिला वर्ग में 2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के पुरस्कार से नवाजा गया। 2023-24 सत्र में आईसीसी की वनडे क्रिकेटर आफ द ईयर बनीं मंधाना ने इस प्रारूप में पिछले वर्ष 743 रन बनाए थे, जिसमें रिकार्ड चार शतक भी शामिल थे। 28 वर्षीय बल्लेबाज ने 57.86 के औसत और 95.15 के स्ट्राइक रेट से यह रन बनाए।

महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 18 में सिलेंडर लीक होने से लगी आग, कल्पवासी के दो टेंट जले

महाकुंभ नगर। मेला क्षेत्र के सेक्टर 18 तुलसी मार्ग पर स्थित एक कल्पवासी के टेंट में शनिवार रात सिलेंडर लीकेज होने से आग लग गई। आग से दो टेंट जल गए। फायर ब्रिगेड की टीम जब तक मौके पर पहुंचती कल्पवासी स्वयं ही किसी तरह आग पर काबू पा लिए। एक कल्पवासी के 77 हजार रुपये नगद और कल्पवास से जुड़ा सामान जल गया। बताया गया है कि राजरूपपुर, धूमनगंज निवासी अवध नारायण पांडेय सेक्टर 18 के कल्पवासी क्षेत्र में अपना टेंट लगाकर कल्पवास कर रहे हैं। उनके साथ कुछ रिश्तेदार और परिचित भी हैं जो कल्पवास कर रहे हैं। रात करीब 10 बजे चाय बनाते समय अचानक गैस लीकेज हुई तो सिलेंडर के बगल रखे कपड़े में आग लग गई। इससे अफरातफरी मच गई। कल्पवासियों ने किसी तरह छोटे सिलेंडर को बाहर निकाला लेकिन तब तक आग टेंट को अपनी चपेट में ले लिया। खबर पाकर फायर ब्रिगेड और पुलिस भी मौके पहुंच गई। मगर कल्पवासी आग पर काबू पा चुके थे। आग लगने से अवध नारायण के 77 हजार रुपये, गृहस्थी का सामान और दूसरे कल्पवासी का टेंट व सामान जल गया। इस बीच कुछ लोगों ने सिलेंडर फटने का हल्ला मचा दिया था। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा का कहना है कि कल्पवासी के टेंट में आग लगी थी। कोई जनहानि नहीं हुई है।

बेटा गुम होने पर महिला की आंखों में नहीं आए आंसू, मिठाई भी खाई और चाय भी पी, पुलिस को हुआ शक तो सामने आ गई करतूत

मुरादाबाद, 02 फरवरी [एजेंसी]।

कांठ क्षेत्र में मां ने ही तीन लोगों को अपने बेटे को 50 हजार रुपये में बेच दिया था। तय हुई रकम में से मात्र 15 हजार रुपये मिलने पर महिला ने बेटे के अपहरण की कहानी रच दी। तीन दिन तक महिला पुलिस को गुमराह करती रही।पुलिस ने शक होने पर कड़ाई से पूछताछ की तो महिला ने सच्चाई उगांगर कर दी। पुलिस ने महिला समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर बच्चे को बरामद कर लिया।जनपद बिजनौर के थामपुर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी सोनी परवीन मंगलवार को अपने डेढ़ वर्षीय बेटे मुहम्मद अर्श और चार वर्षीय बेटी के साथ कांठ आई थी। आरोप लगाया था कि कांठ से दो बाइक सवार युवक काम दिलाने के बहाने बाइक पर बैठाकर ले गए थे। मनकुआं अड्डे के पास पहुंचे तो महिला को धक्का देकर उसके बेटे का अपहरण कर लिया।इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों की तलाश में लग गई थी। अधिकारियों ने एसओजी टीम को भी लगा दिया था। पुलिस ने कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। उधर, महिला से भी पुलिस लगातार पूछताछ कर रही थी। पुलिस को जब शक हुआ तो महिला से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सच्चाई उजागर कर दी।शनिवार को पूरे मामले का पर्दाफाश करते हुए एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि सोनी परवीन के बेटे का अपहरण नहीं हुआ था, जबकि उसने अनिल निवासी गांव साहूपुर मिलक थाना धनौरा जनपद अमरोहा, सोनू उर्फ रोबिन सन गिल निवासी ने महिला से संपर्क कर उसके डेढ़ वर्षीय बेटे मुहम्मद अर्श को पचास हजार रुपये में खरीदने की बात तय कर ली थी।पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार, महिला मंगलवार को कांठ पहुंची। अनिल और सोनू बाइक से महिला के पास पहुंचे और उसे बच्चों सहित बाइक पर बैठाकर ले गए। कुछ आगे पहुंचने के बाद दोनों युवकों ने महिला को 15 हजार रुपये दिए। जब महिला ने कहा कि 50 हजार रुपये में बात तय हुई थी तो विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों युवक महिला को 15 हजार रुपये देकर बाकी बाद में देने की बात कहते हुए बच्चे को लेकर चले गए।जब महिला को रुपये नहीं मिले तो उसने अपहरण की कहानी रच दी। उधर, दोनों युवकों ने बृजेश निवासी गांव अहरोला तेजवन थाना गजरौला जनपद अमरोहा को बच्चे को 70 हजार रुपये में बेच दिया। शुक्रवार की शाम तक जब पुलिस को कोई क्लू नहीं मिला तो महिला से कड़ाई पूछताछ की। महिला ने उन लोगों के नाम बता दिए जिन्होंने बच्चे को खरीदा था।पुलिस उनके मोबाइल लोकेशन के आधार पर दोनों आरोपितों तक पहुंच गई, लेकिन इनके पास जब पुलिस को बच्चा नहीं मिला तो पूछताछ की गई। पूछताछ में इन्होने बच्चे को खरीदने वाले का नाम बताया। शनिवार की सुबह पुलिस ने बृजेश को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके कब्जे से बच्चे को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने अनिल, सोनू उर्फ रोबिन सन गिल, बृजेश और सोनी परवीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर चालान कर दिया।जैसे ही महिला ने बेटे की अपहरण की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस एक्शन में आ गई थी। महिला को थाने बुला लिया था। महिला की हर गतिविधि पर पुलिस नजर रखी हुई थी। पुलिस ने घटना के कुछ देर बाद ही महिला को खाना दिया तो उसने खाना खा लिया। इसके कुछ देर बाद चाय दी और साथ में मिठाई खिलाई तो वह भी महिला ने खा ली।शाम को एक बार फिर महिला को खाना दिया गया और मिठाई के साथ चाय दी गई। महिला ने शाम को भी चुपचाप खाना खाया। 12 घंटे तक महिला की गतिविधि पर नजर रखकर पुलिस को पता चला कि एक बार भी महिला के आंखों से आंसू नहीं आए हैं।

ईरान की अमेरिका को चुनौती, एंटी-वॉरशिप क्रूज मिसाइल का किया परीक्षण

ईरान। ईरान ने फारस की खाड़ी और ओमान सागर में अमेरिकी नौसेना के जहाजों तक पहुंचने में सक्षम 1,000 किलोमीटर की रेंज वाली एक युद्धपोत-रोधी क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया। इसकी जानकारी ईरान की सरकारी टीवी ने शनिवार को दी। इस युद्धपोत-रोधी क्रूज मिसाइल की रेंज 1,000 किलोमीटर से अधिक है। रिपोर्ट में न तो मिसाइल द्वारा ले जाए गए हथियार के बारे में और न ही परीक्षण के समय के बारे में विस्तार से बताया गया है। रिवॉल्यूशनरी गार्ड की नौसेना के प्रमुख जनरल अली रेजा तांगसिरी ने एक रिपोर्ट में कहा, इसकी रेंज 1,000 किलोमीटर से अधिक जिसमें ईरान के दक्षिणी तट पर एक भूमिगत मिसाइल सुविधा दिखाई गई है।रिपोर्ट में न तो मिसाइल द्वारा ले जाए गए हथियार के बारे में और न ही परीक्षण के समय के बारे में विस्तार से बताया गया है।तंगसिरी ने कहा कि यह सुविधा गार्ड के मिसाइल सिस्टम का केवल एक हिस्सा है, यह कहते हुए कि मिसाइलें दुश्मन के युद्धपोतों के लिए नरक बना सकती हैं।

ऋषिकेश

स्वर्ग से भी सुंदर इस जगह पर मिलेगा मानसिक सुकून, रहने-खाने में नहीं खर्च होंगे हजारों रुपए

आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाना बजट के अंदर होने के साथ ही आप प्रकृति के बीच समय भी बिता सकेंगे। यहां पर गंगा का कल-कल बहता ठंडा पानी, गंगा आरती, मंदिर, सुंदर घाट आपको मानसिक सुकून देगा। घर और ऑफिस की जिम्मेदारी संभालने के कारण लोग मशीन की तरह काम करते हैं। ऐसे में इस व्यस्त लाइफस्टाइल के कारण लोग अपने लिए समय निकालना भूल जाते हैं। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को बैलेंस करने के चक्कर में लोग खुद के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। कई बार लोग काम का इतना ज्यादा प्रेशर ले लेते हैं कि शरीर थक जाता है और दिमाग काम करना बंद कर देता है। ऐसे में आपको फौरन एक ब्रेक लेना चाहिए। क्योंकि यह ब्रेक आपको मानसिक शांति देने के साथ अंदर से हील करने का काम करता है।

इसलिए आपको काम से ब्रेक लेकर किसी ऐसी जगह जाना चाहिए, जहां पर आप खुलकर सांस ले सकें और शांति व सुकून का अनुभव कर सकें। अगर आप भी किसी ऐसी जगह की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाना बजट के अंदर हो और आप प्रकृति के बीच समय भी बिता सकेंगे। दरअसल हम एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर पूरे विश्व भर से लोग योग सिखने के लिए आते हैं। यह जगह और कोई नहीं बल्कि ऋषिकेश है। यहां पर गंगा का कल-कल बहता ठंडा पानी, गंगा आरती, मंदिर, सुंदर घाट और चारों ओर योग व आध्यात्म का नजारा आपको मानसिक सुकून देने का काम करेगा।

ट्रेन या बस

दिल्ली से ऋषिकेश जाने के लिए आपको कई बस और ट्रेन मिल जाएंगी। बसों का किराया 300-400 रुपए के बीच होता है। इसके साथ ही ट्रेन के टिकट की कीमत भी करीब-करीब इतना ही होगा।

लोकल ट्रांसपोर्ट

दिल्ली से ऋषिकेश जाकर प्राइवेट कार या फिर कैब के इस्तेमाल की जगह लोकल ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें। प्राइवेट कैब जहां आपको 200-300 रुपए खर्च करने होंगे। तो वहीं लोकल ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने पर आपका खर्चा 40-50 रुपए ही आएगा। बता दें कि आपको ऋषिकेश बस स्टॉप से कई लोकल ट्रांसपोर्ट मिल जाएंगे।

आश्रम में रहें

आप ऋषिकेश में होटल की जगह हॉस्टल में स्टे करें। हॉस्टल की शुरूआत 500 रुपए से होती है। अगर आप राम झूला के पास हैं, तो आपको यहां पर कई आश्रम मिल जाएंगे।

स्ट्रीट फ़ूड का लें मजा

अगर आप चाहें तो राम झूला के पास या लक्ष्मण झूला के पास खाने-पीने के लिए आपको महंगे से लेकर बजट तक में कई पैकेज मिल जाएंगे। आप यहां पर स्ट्रीट फूड का भी मजा ले सकते हैं। आपको यहां पर 100 रुपए में खाने-पीने को काफी कुछ मिल जाएगा।

अगर चेहरे पर चाहते हैं गुलाबी गाल तो आज से ही खाना शुरू कर दें कच्चे टमाटर

क्या आप हमेशा सुंदर और जवान दिखना चाहते हैं? इसलिए आपको रोजाना 2 कच्चे टमाटर खाने की आदत डालनी चाहिए। दरअसल, रोजाना लाल पके कच्चे टमाटर खाने की आदत शरीर को कई तरह की समस्याओं से बचा सकती है। लाल कच्चे टमाटर के सेवन से शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है और फिर इसके एंटीऑक्सीडेंट त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं।

1. गुलाबी गाल पा सकते हैं

गुलाबी गल पान में कच्चे टमाटर का सेवन करने से शरीर में खून बढ़ता है और त्वचा में निखार आता है। इसमें पोटैशियम, विटामिन ए, विटामिन बी और विटामिन सी होता है। लेकिन खास बात यह है कि इसका आयरन शरीर में खून को बढ़ाने में मददगार होता है, जिससे आपके शरीर के साथ-साथ आपके गालों पर भी वह गुलाबी रंगत नजर आएगी।

2. सनबर्न- सनबर्न को कम करने में टमाटर बहुत फायदेमंद

होता है। यह त्वचा को एक्सफोलिएट करता है और मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाता है। यह आपकी त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। टमाटर में मौजूद एंजाइम त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करने में मदद करता है और चेहरे में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाता है और सनबर्न को कम करने में मदद करता है।

3. झुर्रियां कम करने में मददगार

कोलेजन उत्पादन को उत्तेजित करने में कच्चे टमाटर बहुत फायदेमंद होते हैं। टमाटर का विटामिन सी कोलेजन उत्पादन को प्रोत्साहित करने में मदद करता है। साथ ही त्वचा की लोच में सुधार करने में मदद कर सकता है। जिससे आपकी त्वचा में निखार आ सकता है।

4. त्वचा को मॉइस्चराइज़ करता है- रूखी त्वचा में खुजली, दरार और पपड़ी हो सकती है। विभिन्न लोशन और क्रीम रूखेपन का इलाज कर सकते हैं लेकिन समस्या को रोक नहीं सकते। हालांकि, टमाटर में मौजूद पोटेशियम एटोपिक डर्मेटाइटिस को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह चेहरे में हाइड्रेशन बढ़ाता है और त्वचा को अंदर से मॉइस्चराइज करने में मदद करता है।

सेहत के लिए अमृत से कम नही है संतरे का जूस, जानें पीने का सही तरीका!

इस समय के मौसम में मिक्स वातावरण देखने को मिलता है. दिन में धूप निकलने से गर्मी का अहसास होता है, जबकि सुबह-शाम और रात में ठंड का अहसास होता है. ऐसे में संतरे का जूस पीना कितना फायदेमंद हो सकता है और इसे कब पीना चाहिए. आइए जानते हैं इसके बारे में...

इस बदलते मौसम में लोगों के मन में ये सवाल होता है कि किस फल का जूस पीना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है. लेकिन कितना और किस समय पी रहे हैं, यह बहुत जरूरी होता है. आप गन्ने का जूस पिएं या संतरे का या मौसंबी का सभी फायदेमंद होते हैं.

संतरे का जूस कब पिएं

सर्दी या गर्मी के मौसम में संतरे का जूस पीने का सही समय दोपहर का होता है, लेकिन संतरे का जूस खाली पेट भूलकर भी ना पिएं. इससे एसिडिटी हो सकती है. संतरे का जूस पीने के फायदों की बात करें तो ये जूस पीने से आपकी स्किन और बाल चमकदार हो सकती है. यह आपकी आंखों की रोशनी को भी बढ़ाता, चेहरे के कील-मुंहासों को दूर करता, दाग-धब्बों को मिटाता और झुर्रियों से छुटकारा दिलाने में मदद करता है.

इन समस्याओं में है कारगर

संतरे का जूस पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है. इसे पीने से सिर दर्द में आराम मिलता है और चक्कर आने जैसी समस्याएं दूर होती हैं. सर्दियों के मौसम में इम्यूनिटी को मजबूत रखता है यह जूस हाई कोलेस्ट्रोल को भी कम करता है. संतरे का जूस नियमित सेवन से सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार का खतरा कम हो सकता है.

बचपन में सुनती थी पालकी में होके सवार, नए सीजन का हिस्सा बनना शानदार : तान्या मानिकतला

अभिनेत्री तान्या मानिकतला मशहूर ट्रैक पालकी में होके सवार के नए सीजन में नजर आईं। तान्या ने बताया कि वह इस गाने को सुनते हुए बड़ी हुई हैं और नए सीजन का हिस्सा बनना उनके लिए शानदार रहा।

प्रोजेक्ट के बारे में अपनी खुशी जाहिर करते हुए तान्या मानिकतला ने कहा, टिप्स टेक 2 का हिस्सा बनना एक शानदार मौका रहा है। मुझे याद है कि बचपन में मैं पालकी में होके सवार सुनती थी- यह एक ऐसा गाना था, जो हमेशा मेरे कानों में गूंजता था और यह मेरे बड़े होने पर भी हिस्सा बना। अब इसके नए सीजन का हिस्सा बनना अवास्तविक लगता है।

अभिनेत्री ने कहा, नए सीजन में एक कमाल की क्वालिटी है और फिल्मांकन के दौरान मुझे इस गाने से जुड़ाव महसूस हुआ। मैं इस गाने और वीडियो की खूबसूरती और पुरानी यादों को सबके सामने लाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

तान्या इस ट्रैक में अभिनेता इश्वाक सिंह के साथ नजर आईं। दोनों इस गाने में नई एनर्जी के साथ नजर आए, जिसे शाहिद माल्या और असीस कौर ने गाया है। मूल ट्रैक 1993 की फिल्म 'खलनायक' से है और इसे संजय दत्त और माधुरी दीक्षित पर फिल्माया गया था। इस गाने को अलका याग्निक ने गाया और बोल आनंद बख्शी ने लिखे हैं। 'खलनायक' 1993 में रिलीज एक्शन-क्राइम फिल्म है, जिसके निर्देशक सुभाष घई हैं और फिल्म का निर्माण भी उन्होंने मुक्ता आर्ट्स लिमिटेड के तहत किया है। इस फिल्म में संजय दत्त, माधुरी दीक्षित और जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी सब-इंस्पेक्टर राम (जैकी श्रॉफ) और उसकी खास दोस्त गंगा (माधुरी दीक्षित) अपराधी बल्लू (संजय दत्त) पर केंद्रित है। तान्या को आखिरी बार हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म किल में नजर आई थीं।

शब्द सामर्थ्य -314

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ़िक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 313 का हल

मा	म	ला		सि	वा	य		कि
लि		चा	ह	त		म	म	ता
क	सू	र		म	ग	न		ब
	र				द			
क	मा	न		पा	र	स		स
मी		म	जा	ल		न	क	ली
ना	दा	न		ना	र	द		का
	मि				तीं			
सु	नी	ल		अ	धी	र		जी

शॉर्ट ड्रेस पहन शमा सिकंदर ने शेयर किया बोल्ड लुक

टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर अक्सर लाइमलाइट बटोरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखक फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस शमा सिकंदर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनकी हॉटनेस और बोल्डनेस के चर्चे अक्सर सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ बेहद ही ग्लैमरस फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं।

नगर निगम क्षेत्र में अंतिम सूची जारी होने के बाद प्रचार में जुटे प्रत्याशी

गाजे बाजे के साथ नगरीय निकाय चुनाव का आगाज

चिरमिरी। अपने विकास के संकल्प के साथ अपने परिवार जनों से मिलने जा रहा हु ये मेरे लिए चुनाव नहीं है । उक्त कथन मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक एवं वर्तमान नगर पालिक निगम चिरमिरी के लिए कांग्रेस पार्टी से बनाये गए प्रत्यासी डॉ.विनय जायसवाल ने कही उन्होंने ये भी कहा की क्या आप अपने परिवार जनों से मिलने जाते है तो उन्हें पहले आमंत्रण देते है ये आदत दूसरे दलों में होगी मेरे अंदर नहीं है । चिरमिरी के मेरे परिवार जनों से जो मेरा रिश्ता है वह साफ कागज की तरह है जो केवल मेरे परिवार जनों को ही दिखता है दूसरे दलों को देखने के लिए उन्हें अपने आँखो की जाँच करवाने की जरुरत है।

बहरहाल नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा होने के बाद पुरे प्रदेश स्तर से लेकर नगर निगम चिरमिरी में भी चुनावी शंख नाद

का बिगुल बज चूका है। जिसको लेकर आज कांग्रेस पार्टी की ओर प्रत्यासी बनाए गए मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. जायसवाल ने भी अपने चुनाव प्रचार्य की शुरवात करते हुए शहर की जनता तक अपने कदमो को बढ़ाते हुए उनके निवास में दस्तक दी। डॉ.जायसवाल ने अपने चुनाव प्रचार के आगाज से पहले पोड़ी कालरी में विराजमान्य भगवान जगन्नाथ के दर्शन करते हुए वार्ड पार्षद प्रत्यासियों के साथ पूजा अर्चना की और अपने विजय संकल्प को लेकर वह पोड़ी कालरी के वार्ड क्रमांक 1 से 5 वार्डों में निवास रथ जनता के हर गली मोहल्लों में पहुचे और उनका आशीर्वाद लिया .डॉ. जायसवाल को देख जहाँ कुछ लोगो ने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया तो कुछ लोग उन्हें अपने सामने देख भावुक हुए और उन्हें अपनी समस्या बताई. चुनाव प्रचार के प्रथम दिवस को शहर की जनता के उमड़ा जन समर्थन को देख डॉ. विनय खुद ही भावुक हो गए! अपितु नगरी निकाय चुनाव में सभी दलों ने आज इसकी शुरवात कर दी अब देखना यह होगा की ऊँट किस करवट बैठता है और मेयर की चेयर किसके किस्मत में लिखी हुई है।

3 एवं 12 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भैयाथान में मतदान दलों को दिया जायेगा प्रशिक्षण

सूरजपुर। त्रिस्तरीय आगामी आम निर्वाचन 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न कराये जाने हेतु कार्यालय जिला पंचायत सूरजपुर छ.ग. के पत्र अनुक्रम में विकासखण्ड स्तर पर मतदान दलों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है। मतदान दलों का प्रशिक्षण दिये जाने हेतु मास्टर टेज़रों का निर्धारण कर लिया गया है। प्रशिक्षण का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय भैयाथान में प्रथम चरण 03 फरवरी को 10:00 बजे से एवं द्वितीय चरण 12 फरवरी को 10:00 बजे से आयोजन किया जाना है।

जिला पंचायत एवं जनपदों के निर्धारित केंद्रों से किया जा रहा नाम निर्देशन पत्रों का वितरण

सूरजपुर। त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2025 चुनाव के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू होने के पश्चात आज छठवें दिन जिला पंचायत एवं सभी जनपदों के निर्धारित केंद्रों से नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त किया गया। जिला पंचायत सूरजपुर में आज जिला पंचायत सदस्य के लिए 11 फर्म का वितरण किया गया एवं 43 फर्म जमा किए गए। इन छह दिनों में कुल 147 फर्म खरीदे गए एवं 99 फर्म जमा किए गए।

3 कांग्रेसियों को निष्कासित किया

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने बागी प्रत्याशियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। सरगुजा जिले में निर्दलीय चुनाव लड़ रहे तीन कांग्रेसियों को पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

कोयला कर्मचारियों के लिए बजट में ऐतिहासिक राहत: राजेश

12 लाख तक कर छूट से मिली उम्मीदों से अधिक राहत

कोरिया चरचा कालरी। देश की वित्त मंत्री के द्वारा आज संसद में पेश किए गए बजट के प्रति प्रतिक्रिया देते हुए क्षेत्र के लोकप्रिय युवा नेता राजेश सिंह राजू ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भाजपा की सोच सबका साथ सबका विकास को वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने पूरी तरह चरितार्थ किया है आज पेश किए गए बजट में देश के नागरिकों को चाहे वह जिस भी वर्ग का हो उसे उम्मीद से ज्यादा मिला है छत्तीसगढ़ में लोह अयस्क कोयला आदि खनिज का भंडार है इस क्रम में बैकुंठपुर क्षेत्र के अंतर्गत, चर्चा कालरी , पांडवापारा, झिलमिली, व कटकोना की कोयला खदानों में कार्यरत हजारों कोयला कर्मचारी एवं वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए आज देश की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में एक अहम बदलाव किया गया है। इस बजट में अब तक 7 लाख तक कर छूट देने के विपरीत, आयकर छूट की सीमा बढ़ाकर 12 लाख कर दी गई है। यह निर्णय कोयला कर्मचारियों के लिए अत्यंत राहतदायक साबित हो रहा है, जिन्होंने कठिन परिश्रम और खदानों में खतरनाक परिस्थितियों में अपना खून-पसीना बहाकर देश की ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित की है।

कोयला उत्पादन के क्षेत्र में प्रगति की दिशा में निरंतर प्रयासरत ये कर्मचारी, जो प्राकृतिक आपदाओं और विषम परिस्थितियों के बीच भी अथक मेहनत करते हैं, अब अपने आर्थिक बोझ में राहत महसूस कर रहे हैं। हमारे कोयला कर्मचारियों ने प्रकृति के विरुद्ध, खदान के भीतर दिन-रात अथक परिश्रम किया है। इस कर छूट में दी गई राहत से उन्हें अपनी मेहनत का उचित फल मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और उन्हें अपना परिवार चलाने में सहयोग मिलेगा। इस ऐतिहासिक निर्णय से न केवल कोयला कर्मचारियों को राहत मिली है, बल्कि देश की ऊर्जा आपूर्ति में लगे इस अभूतपूर्व प्रयास को भी सराहा गया है। सरकारी निर्णय की इस सराहनीय पहल से कोयला कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है और उन्हें भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली है।

अरुण जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा, ने कहा कि यह बजट जनहित का बजट है किसान भाइयों के लिए क्रेडिट कार्ड की सीमा 5 लाख रुपए बढ़ाई गई ,सस्ते ब्याज पर किसानों को लाखों को कर्ज मिलेगा ,यूरिया फैक्ट्री की संख्या बढ़ेगी, स्वास्थ्य के क्षेत्र में मेडिकल की 75000 नई सीट बढ़ाई जा रही हैं हर जिले में कैंसर अस्पताल खोले जाएंगे डिलीवरी कर्मियों और असंगठित क्षेत्र के लिए बीमा योजना प्रारंभ की जाएगी जिससे लाखों श्रमिकों को सुरक्षा मिलेगी टेक्नोलॉजी और नवाचार में निवेश बढ़ाए जाएंगे जिससे भारत रिसर्च का हब बनेगा,लोगों की उम्मीदों के विपरीत इस बार आयकर छूट की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख कर दिया गया है। इस ऐतिहासिक फैसले से उन लाखों नागरिकों को अत्यधिक राहत मिलेगी, जो अपनी मेहनत की कमाई से अपने परिवार का सहारा बनाते हैं ,यह बजट वास्तव में मध्यम वर्ग और कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्त मंत्री जी के इस निर्णय से आम जनता में उत्साह और राहत की लहर दौड़ गई है। 7 लाख से 12 लाख तक की आय पर कर छूट प्रदान करना न केवल करभार में कमी लाएगा, बल्कि हमारे समाज के उन वर्गों को सशक्त बनाने में भी मदद करेगा जो हमेशा देश की रीढ़ रहे हैं। मैं सरकार की इस सराहनीय पहल पर आभार व्यक्त करता हूँ और आशा करता हूँ कि इससे देश के आर्थिक विकास में नई ऊर्जा का संचार होगा। यह बजट न केवल आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सरकार आम नागरिकों की चिंताओं और जरूरतों को समझते हुए उन्हें राहत प्रदान करने के लिए तत्पर है।

स्थानीय निकाय चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

कोरिया बैकुंठपुर। जिला प्रशासन और आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। स्थानीय निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग ने विशेष अभियान चलाकर ग्राम तेंदुआ, थाना-पटना में छापेमारी की। इस दौरान 9 लीटर हाथभट्टी महुआ शराब बरामद की गई और आरोपी संत कुमार (पिता स्व. घुरन, उम्र 39 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया गया। आबकारी विभाग के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देश पर तथा जिला आबकारी अधिकारी योगेश्वर द्विवेदी के मार्गदर्शन में की गई। छापेमारी दल में वृत प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सपना सिन्हा के नेतृत्व में आबकारी मुख्य आरक्षक किसुन राम, आबकारी आरक्षक नरेन्द्र राजवाड़े, हेमंत राजवाड़े एवं महिला नगर सैनिक मीरा कुशवाहा की अहम भूमिका रही।

कोरिया जिले के व्यायाम शिक्षकों ने सेवानिवृत्ति पर राजेंद्र सिंह का किया सम्मान

कोरिया बैकुंठपुर। कोरिया जिले के व्यायाम शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में अमूल योगदान देने वाले राजेंद्र सिंह के सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर शिक्षक राजेंद्र सिंह के योगदान को नहीं बुलाया जा सकता है। उनके मार्गदर्शन में तथा सहयोग की अपेक्षा सेवानिवृत्ति के बाद भी हम सभी के लिए मिल का पत्थर साबित होगाहम सब के मार्गदर्शक कोरिया जिले के साथ साथ सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में शिक्षकों की बातो को प्रमुखता से बड़ी ही सहजता के साथ रखने वाले महान शिक्षा शिक्षाविद राजेंद्र सिंह को सकुशल अपनी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत होने पर आपको कोटिश: बधाई एवं शुभकामनायें। आप की विभाग से तो सेवानिवृति तो प्रसाशनिक प्रकिया है आपका शुभ मार्गदर्शन हम सभी सदैव मिलता रहें इन्ही अपेक्षाओं के साथ एक बार आपको पुन: सादर प्रणाम सहित बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनायें इस अवसर पर कोरिया जिले के व्यायाम शिक्षक भूपेंद्र पाल, सूरज, विजय पाल मार्को, सविता सिंह उपस्थिति रही।

फांसी के फंदे पर लटकती लाश मिली

कोरबा। जिले के ग्राम गोढ़ी गांव में एक युवक की फंसी के फंदे से लटकती हुई लाश मिली है। घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार एक 27 वर्षीय युवक की फंसी के फंदे में लटकती लाश मिली हैं। मृतक की पहचान ग्रामनिवासी रोशन खड़िया के रूप में की गयी हैं। सुबह ग्राम के बाहर उसका शव फंसी के फंदे पर लटकते हुए देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्यवाही पश्चात शव को पीएम के लिए भेजा गया है। मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही हैं।

गौ मांस को बोचा, अपराध दर्ज

रायपुर। राजधानी रायपुर में गौ मांस के आचार की बिक्री का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह खुलासा गौ सेवकों ने किया, जिन्होंने तेलीबांधा तालाब के पास स्थित एक दुकान में 'बीफकरी' के नाम पर डब्बा बंद गौ मांस बेचे जाने की सूचना दी।

जिले के 20 हजार से अधिक किसानों ने समर्थन मूल्य पर बेचे हैं धान

कोरिया बैकुंठपुर। जिले में इस खरीफ वर्ष के लिए 21 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 23 हजार 117 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था। बता दें 14 नवम्बर 2024 से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया शुरू हुई थी जिसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 थी।

कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी धान खरीदी प्रक्रिया पर लगातार नजर रखी हुई थीं। वे लगातार सुबह से लेकर देर रात तक धान खरीदी के सम्बंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते रहें।कलेक्टर, धान खरीदी केंद्र पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लेती थीं और ग्रामीणों, किसानों से बातचीत कर वस्तुस्थिति से अवगत भी होती थीं। व्हाट्सएप ग्रुप में नोडल अधिकारियों, समिति प्रबन्धकों को भौतिक सत्यापन सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए निर्देश देते रहे। जिले में खरीफ वर्ष 2023-24 में 19 हजार 654 किसानों से 124265.32 मे. टन धान खरीदी की गई थी, जबकि खरीफ वर्ष 2024-25 में धान खरीदी का लक्ष्य 137195 मे. टन के विरुद्ध 20 हजार 306 किसानों से समर्थन मूल्य पर बढ़कर 128475.12 मे. टन की खरीदी की गई। इस वर्ष बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 295 करोड़ 49 लाख रुपए से अधिक का भुगतान इन अन्नदाताओं किया गया। जिले के किसानों को 51 करोड़ 19 लाख रुपए से अधिक के कृषि ऋण वितरण किए गए थे, जिनमें से 48 करोड़ 80 लाख रुपए की ऋण वसूली किए जा चुके हैं। जिले में 14 राइस मिल संचालकों ने अनुबंध किया गया है। इन 21 धान उपार्जन केंद्रों से अब-तक 14 राइस मिलो से 84320 मे. टन एवं संग्रहण केंद्र में 11726.57 मे. टन कुल 96046.57 मेट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है, जो कुल धान खरीदी का 75 प्रतिशत है। जिले में अवैध धान भण्डारण, परिवहनों की लगातार निगरानी की जा रही थी, इस दौरान 13 प्रकरण दर्ज भी किया गया।

जिला पंचायत सदस्यों के लिए अब-तक 60 अभ्यर्थियों ने प्राप्त किया आवेदन, 50 ने जमा किया नामांकन पत्र

कोरिया बैकुंठपुर। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोरिया जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत दस जिला पंचायत सदस्यों के लिए 60 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म लिए है। 27 जनवरी को 8, 28 जनवरी को 15, 29 जनवरी को 22, 30 जनवरी को 12 और आज 31 जनवरी को 3 अभ्यर्थियों ने जिला पंचायत सदस्य हेतु फार्म प्राप्त किया है, जिसमें से अबतक 50 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा कर चुके हैं। बता दें जिला पंचायत क्षेत्र कोरिया के सभी दस सीटों के लिए नामांकन आवेदन पत्र की प्रक्रिया 27 जनवरी से आरंभ हो चुकी है। जारी सूचना के अनुसार नामांकन आवेदन प्राप्त करने व जमा करने की अंतिम तारीख आगामी 3 फरवरी निर्धारित की गई है। 3 फरवरी को दोपहर तीन बजे तक जिला पंचायत क्षेत्रों के लिए निर्धारित निर्वाचन में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना नामांकन जमा कर सकते है। मिली जानकारी के अनुसार, 4 फरवरी को सभी नामांकन पत्रों की संवीक्षा (स्क्रूटनी) की जाएगी। सबसे पहले क्षेत्र क्रमांक 1 के आवेदनों की जांच की जाएगी, इसके बाद क्रमवार क्षेत्र क्रमांक 2 से 10 तक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। नामांकन की संवीक्षा प्रक्रिया में अभ्यर्थी के साथ अधिकतम तीन व्यक्ति-उनका निर्वाचन अभिकर्ता, प्रस्तावक और लिखित रूप से अधिकृत व्यक्ति उपस्थित हो सकते हैं।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 331 पाव देशी शराब, बिक्री रकम 9840 और बाइक जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने गांधीनगर कालीबाड़ी के पास दबिश देकर अवैध शराब के साथ आरोपी रोहित सागर 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 288 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 9840 रुपए जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी अजीत सिंह चंदाने 34 वर्ष के पास से 21 पाव देशी शराब जब्त किया है।

सूरजपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

सूरजपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जो 1 जनवरी 2025 से प्रारंभ हुआ था जिसका शनिवार, 01 फरवरी 2025 को समापन हुआ। सूरजपुर पुलिस के द्वारा समापन कार्यक्रम स्थानीय ऑडिटोरियम भवन में आयोजित किया जिसमें सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल अस्पतालों में पहुंचने वाले गुड सेमेरिटन, सड़क सुरक्षा मितान, उत्कृष्ट यातायात नियमों पर भाषण, जागरूकता, नशा मुक्ति, वाद-विवाद, रंगोली, रोड़ सेफ्टी पर रंगोली व पोस्ट के लिए छात्र-छात्रों को सम्मानित करते हुए कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन, डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर, सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू ने इन्हें स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया। समापन कार्यक्रम में एसईसीएल भटगांव के नमो नारायण सिंह व टीम के द्वारा यातायात जागरूकता को लेकर शानदार कव्वाली की प्रस्तुती दी तथा छात्रावास के बच्चों के द्वारा नाटक के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने हेतु सभी को प्रेरित किया।

इस दौरान कलेक्टर सूरजपुर श्री एस. जयवर्धन ने कहा कि हमें सड़क पर अपनी सुरक्षा के लिए जागरूक रहना चाहिए, जब कम्यूनिटी मूव्मेंट बनता है तो अपने आप लोग जागरूक होकर सड़क सुरक्षा के नियमों से जुड़ने लगते है, केवल एक माह में ही हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकते इसके लिए हमें निरंतर प्रयास करने होंगे। जिले की पुलिस के द्वारा यातायात को लेकर बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है, पूरे महिने कोई न कोई नई गतिविधि देखने को मिली जिसमें हेलमेट रैली, स्कूलों में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देना, यातायात नियमों के पालन पर लोगों को फूल देकर सम्मानित करना, चालकों के नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया इस प्रकार के आयोजनों से लोगों में जागरूकता आई है। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने कहा कि हमारे बीच काफी संख्या में गुड सेमेटिरन मौजूद है जो दुर्घटना में घायलों को उपचार हेतु चिकित्सालय पहुंचाते है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान पुलिस के द्वारा किए कार्य को नागरिकगण न्यूज एवं समाचार पत्रों के माध्यम से पढ़कर अवगत होकर भी यातायात नियमों को पालन कर रहे है। इस अवसर पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आज समापन है परन्तु ऐसा नहीं है कि केवल सड़क सुरक्षा माह के दौरान ही पुलिस के द्वारा यातायात जागरूकता को लेकर कार्य करेगी बल्कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिले की पुलिस ने 553 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण कराया, यातायात जागरूकता को लेकर विभिन्न आयोजनों के माध्यमों से 1 लाख 50 हजार लोगों को जागरूक किया गया, सैकड़ों स्कूलों में जाकर बच्चों को यातायात नियमों से वाकिफ कराया एवं उन्हें यातायात नियमों के पालन करने हेतु शपथ दिलाया। इस कार्य में जिले के थाना-चौकी प्रभारियों के अलावा जिले के राजपत्रित अधिकारीगण भी सक्रिय रहे। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने कहा कि हम सभी के प्रयासों से पिछले वर्ष 2024 के जनवरी माह की तुलना में वर्ष 2025 के जनवरी माह में मृत्यु दर एवं सड़क दुर्घटना के मामले में कमी आई है, हमारे इन प्रयासों से किसी एक व्यक्ति की भी जान यदि बची है तो वही हमारे लिए बेहद कीमती है। सड़क सुरक्षा माह एक ऐसा अवसर है जब हम जीवन और इसके सुरक्षा का महत्व समझ सकते हैं और इस बात पर विचार कर सकते हैं कि यातायात नियमों का पालन करके हम ना सिर्फ अपनी जान बचा पायेंगे बल्कि की दूसरों की भी रक्षा कर पायेंगे। अगर आप प्रत्यक्ष रुप से इन अभियानों में शामिल नही हो पाते है तो भी आप इन नियमों को मानकर इसमें काफी सहयोग दे सकते है। चाहे कितने भी नियम बना दिये जाये पर आपको यह बात याद रखनी चाहिए की आपके जीवन की सुरक्षा आपके खुदके हाथों में होती है और यातायात नियमों का पालन करके आप अपने साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा में भी योगदान दे सकते है। कार्यक्रम को जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नंदिनी कमलेश साहू व सीएसपी एस.एस.पैंकरा ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन आरक्षक शशिकांत मिश्रा व आभार प्रदर्शन एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा के द्वारा किया गया। शराब पीने, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट व ओव्हर स्पीडिंग पर पुलिस ने की कार्यवाही, सैकड़ो लोगों को किया हेलमेट वितरण। सड़क सुरक्षा माह में जिले की पुलिस ने सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए अपना बेस्ट देने का प्रयास किया जिसका बेहतर नतीजा भी देखने को मिला है सड़क दुर्घटना में कमी आई। इस एक माह के दौरान पुलिस के अधिकारी व जवानों के द्वारा नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई। विभिन्न कार्यक्रमों/अभियानों के दौरान सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को हेलमेट वितरण किया गया व 553 वाहन चालकों के नेत्र की जांच कराई गई। इस वर्ष माह जनवरी में शराब पीकर वाहन चलाने के 92 प्रकरणों में वाहन जप्ती की कार्यवाही कर चालान न्यायालय पेश किया गया इसके अलावे बिना हेलमेट के 966 प्रकरण, बिना सीटबेल्ट के 1391 प्रकरण, ओवर स्पीडिंग के 95 लोगों पर कार्यवाही की गई। जिले की पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति नागरिकों में जागरूकता को लेकर बड़ा अभियान चलाया जिसमें 56 स्कूल कालेजों में यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम, 37 जन जागरूकता रैली, 7 हेलमेट रैली, 3 नुक्कड़ नाटक, 37 व्यावसायिक वाहन एवं ऑटो चालकों का प्रशिक्षण, 6 स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन, 10 प्रदर्शनी स्थल में आम नागरिकों का भ्रमण, 93 आम सड़क एवं हाट बाजारों में जागरूकता, 158 चौक चौराहों में वाहन चालकों को समझाईश, 46 चलित थाना व 19 सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् करीब 1 लाख 50 हजार लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रोत्साहित किया गया। गुड सेमेरिटन हुए सम्मानित। गुड सेमेरिटन जिन्होंने सड़क दुर्घटना के गोल्डन ऑवर में घायलों को उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल में पहुंचाकर लोगों की जान बचाने के महत्वपूर्ण योगदान के लिए ग्राम जरही निवासी आलोक गर्ग, ग्राम तेलसरा निवासी लालमन राजवाड़े, ग्राम चंदौरा संतोष कमार, ग्राम शिवनगर के कुपार देव, ग्राम केवरा के कमलेश राजवाड़े, ग्राम गोटगवां के शंभू मरावी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सड़क सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण देने पर जिला के स्काउड के उमेश गुर्जर, चित्रकांत जायसवाल, अशोक दुबे, कन्हैयालाल सोनी, सड़क सुरक्षा माह में कैम्प लगाकर चालकों को नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नेत्र चिकित्सक डॉ. मुकेश राजवाड़े, टेक्निशियन प्रदीप कुजूर, महाविद्यालयों में कैम्प लगाकर ड्राईविंग लायसेंस बनाने पर आरटीओ के लायसेंस प्रभारी चंद्रशेखर महिलाणी, दीपक गुर्जर, महेश्वर तिवारी, हरीश पाण्डेय तथा पुलिस विभाग की ओर से प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से यातायात जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार के लिए आरक्षक संतोष सोनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जिले के थाना-चौकी के पदस्थ अधिकारी व जवानों जिन्होंने वर्षभर यातायात जागरूकता के संबंध में कार्य करते हुए घायलों की मदद कर समय पर उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर जीवन रक्षक कार्य करने पर उन्हें भी सम्मानित किया गया। सड़क दुर्घटना से बचाव पर सुरक्षा मितान हुए सम्मानित। सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु जिले में सुरक्षा मितान के रूप में योगदान पर समाजसेवी रामबिलास मित्तल, बंटी (अंकित) सोनी, विजय गुप्ता, सुखराम सिंह, राजेश गुप्ता, छन्नुआ, बंधन राम, दिलीप समद्दार, धरनीधर, वेदप्रकाश मिश्रा, गीतम मण्डल, लालमन पैंकरा, मन्नू कुर्रे, प्रेमजीत, प्रदीप पैंकरा, प्रेम, ललित यादव व राकेश कुमार को सम्मानित किया गया। नियमित हेलमेट व सीटबेल्ट के उपयोग पर भी हुआ सम्मान। इस अवसर पर निरीक्षक जावेद मियादाद, स्टेनो अखिलेश सिंह, प्रधान आरक्षक नृपेन्द्र सिंह सहित 19 जवान जिन्होंने नियमित रूप से सीट बेल्ट एवं हेलमेट का उपयोग करने पर उनके उत्साहवर्धन हेतु स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वर्षभर यातायात को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले एएसआई चमरू राम पैंकरा, प्रधान आरक्षक रामजतन सिंह, मोरिस खाखा, रविराज भून, आरक्षक अनिल लकड़ा, हरिकेश कुशवाहा, शक्ति इलेक्ट्र एक्का, राकेन्द्र पाल, शशिकांत मिश्रा, अरविन्द एक्का, जीलाल, प्रदीप यादव, दिलीप देशमुख, संजय सिदार, शिवप्रताप सिंह, मनमोहन विश्वकर्मा, मंकृष्णन भगत को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी अनूप एक्का, रितेश चौधरी, एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, जिले के थाना-चौकी प्रभारी, पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, पत्रकारगण सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।

सिंघाली खदान के स्थानांतरित कर्मी होंगे वापस

कोरबा। काफी दिनों से बंद पड़े सिंघाली कोयला खदान से अब कोयला का उत्पादन शुरू हो गया है। एसकेएमएस ने आंदोलन कर इस मामले को जोर-शोर से उठाया था। वार्ता में खदान को चालू करने का आश्वासन प्रबंधन के द्वारा दिया गया था। अब खदान में कोयला उत्पादन शुरू हो गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिंघाली खदान को अचानक बंद कर दिया गया था। यहां के कोयला कामगारों को भी अन्यत्र स्थानांतरण कर दिया गया है। खदान बंद होने पर एसकेएमएस के मनीष सिंह, सुभाष सिंह व धर्मा राव के नेतृत्व में प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद इकाई स्तर पर आंदोलन भी हुए थे। कोरबा एरिया में आंदोलन होने के बाद वार्ता के लिए एसकेएमएस को बुलाया गया जहां पर प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि कोयला उत्पादन शीघ्र ही खदान में शुरू हो जाएगा। खदान चालू होने से कोयला कामगारों में हर्ष है। दूसरी ओर स्थानांतरित किए गए कोयला कामगारों को अब धीर-धीरे वापस बुलाया जाएगा।

अहिरन में लापता ट्रक चालक की तलाश में आपदा प्रबंधन ने ताकत झोंकी

कोरबा। हसदेव की सहायक अहिरन नदी में नहाने के दौरान डूबकर लापता हुए एक ट्रक चालक की तलाश जारी है। स्थानीय गोताखोरों ने शनिवार को कुछ घंटे मेहनत की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। आज खोजबीन के काम का जिम्मा छत्तीसगढ़ आपदा प्रबंधन को कोरबा जिला इकाई ने लिया है। संभावित क्षेत्र में चालक की तलाश की जा रही है।

उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ जिले का निवासी जितेंद्र कुमार पाल शनिवार की दोपहर नहाने के दौरान अहिरन नदी में डूब गया था। कुसमुंडा में स्थित इंडो बर्मा पेट्रोलियम नामक कंपनी के लिए उसने गुजरात से कच्चा माल लाया था। अनलोडिंग की प्रक्रिया के दौरान चालक फुर्सत में था। इस दौरान वह नहाने के लिए नदी में उतरा और कुछ देर के बाद दूसरे लोगों की नजर से ओझल हो गया जिस पर वे हड़बड़ाए। उन्होंने कंपनी प्रबंधन के साथ ट्रांसपोर्ट कंपनी को इसकी जानकारी दी। कुसमुंडा पुलिस को अवगत किए जाने पर आनन-फानन में स्थानीय गोताखोरों को लापता चालक की तलाश में लगाया गया। शाम होने तक यह अभियान चला लेकिन कोई नतीजे नहीं आ सके। मामले की गंभीरता को समझते हुए छत्तीसगढ़ आपदा प्रबंधन विभाग की जिला इकाई को इसकी जानकारी दी गई। नगर सेना के कमांडेंट और जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बी.पी.सिदार ने बताया कि हमारे कुशल गोताखोर बोट और अन्य संसाधन के साथ मौके पर तलाशी में लगे हुए हैं। मुंबई के मलाड से उन्होंने प्रशिक्षण लिया हुआ है। काफी गहराई में उतरने के लिए उन्हें उपकरण दिए गए हैं। संभावना है कि वे नतीजे तक पहुंचेंगे।

रेस्क्यू ऑपरेशन को देखने नदी किनारे लगी भीड़

कुसमुंडा क्षेत्र में अहिरन नदी के तट पर आज सुबह से काफी संख्या में लोग जुटे जो यह देखने पहुंचे थे कि लापता चालक की तलाश किस तरीके से की जा रही है और अभियान का पेटर्न क्या है। नदी के घाट पर ऐसे लोग कौतूहलवश सुबह से जमे रहे। इस भीड़ में इंडो बर्मा के कर्मियों सहित संबंधित ट्रक चालक के परिचित भी थे जो पूरे मामले में नजर रखे हुए थे। बताया गया कि लापता ट्रक चालक के परिजनों को इस घटनाक्रम के संबंध में जानकारी दी गई है। नगर सेना के साथ पुलिस के अधिकारियों की उपस्थिति मौके पर रही जो नियंत्रण के लिए पहुंचे थे।

पुटा में टूटी परंपरा

कोरबा। जिले के पाली जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पुटा में निर्विरोध सरपंच चुने जाने की परंपरा इस बार टूट गई है। नवीन पंचायत के अस्तित्व में आने के बाद ग्रामीणों द्वारा एक ही परिवार से निर्विरोध सरपंच चुनने के विपरीत वर्तमान चुनाव में एक प्रतिद्वंदी ने अपनी ताल ठोंकी है। बता दें कि शासन ने वर्ष 2015 में पुटा को ग्राम पंचायत उड़ता से विलग करके नवीन पंचायत का दर्जा दिया। जहां गत 2015- 16 त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दरमियान ग्रामीणों ने ग्राम में बैठक लेकर प्रथम निर्विरोध सरपंच दिलाराम नेताम को चुना तथा दूसरी बार के चुनाव में उनकी पत्नी श्रीमती सुमरित बाई को निर्विरोध सरपंच की जिम्मेदारी सौंपी गई। इन दो पंचवर्षीय कार्यकाल में सरपंच रहे पति- पत्नी ने ग्राम का हरसंभव विकास कराया और शासन की योजनाओं का लाभ यहां की जनता को दिलाया। समय के साथ पुन: 2025 पंचायत चुनाव सरगर्मी पर है व इस बार ग्रामीणों के निर्विरोध सरपंच चुने जाने सहमति से परे ग्रामीण आनंद सिंह ने दिलाराम नेताम के विरुद्ध प्रत्याशी बन मैदान में उतरा है। 11 वार्ड, 956 मतदाता संख्या और लगभग 300 घरों के परिवार वाले इस ग्राम पंचायत में इस बार दो प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

आवागमन में बाधा पहुंचाई कई वाहनों पर कार्रवाई

कोरबा। नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया के बीच लगातार विभिन्न क्षेत्रों में रेल, जुलूस के अलावा प्रत्याशियों का जनसंपर्क जारी है। इसके अतिरिक्त सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के सिलसिले में कई गतिविधियां चल रही हैं। आम रास्ते पर वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़े किए जाने को लेकर ट्रैफिक पुलिस एक्शन मोड पर है। ऐसे कई वाहनों पर लॉक करने के साथ पेनाल्टी भी की गई।

ट्रैफिक पुलिस ने कोसाबाड़ी से सीतामणी तक के इलाके में अभियान चलाया। लगातार शिकायतें मिल रही थी कि इन क्षेत्रों में आम रास्ते को बाधित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस इलाके में कहीं भी चारपहिया वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ा कर देने से समस्या उत्पन्न हो रही है। वहीं आवागमन लगातार बाधित हो रहा है। ट्रैफिक की टीम के पास वीडियो और फोटो भिजवाकर लोगों ने समस्या का निराकरण कराने की मांग की। अधिकारियों ने इस पर गंभीरता दिखाई। ट्रैफिक डीएसपी डी.के.सिंह के नेतृत्व में मैदानी अमले ने संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर विशेष ड्राइव चलाया। इस पूरे क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसी गाड़ियों को लॉक किया गया साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत पेनाल्टी वसूल की गई। वाहन मालिकों और चालकों को नसीहत दी गई है कि गाड़ियों को निर्धारित क्षेत्र में ही पार्क करने की व्यवस्था करें ताकि आवाजाही सुचारू रूप से होती रहे। लोगों की उदासीनता स्पष्ट होने पर निश्चित रूप से ऐसे मामलों में कार्रवाई की जाएगी।

12 लाख तक की आय करमुक्त होने से मध्यम वर्ग को मिलेगी बड़ी राहत

कोरबा। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने केंद्रीय बजट 2025-26 को आमजन के सशक्तिकरण का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह बजट मध्यम वर्गीय परिवारों के उत्थान के प्रति मोदी सरकार की गहरी संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बजट के माध्यम से उन परिवारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट की है, जो देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

बजट में 12 लाख तक की आय करमुक्त कर मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत दी गई है। इससे उनके जीवन में आर्थिक स्वतंत्रता, सहजता और समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। यह निर्णय न केवल वित्तीय राहत प्रदान करेगा, बल्कि उनके सामर्थ्य में भी वृद्धि करेगा, जिससे वे अपनी आकांक्षाओं को साकार कर सकेंगे।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर छूट दोगुनी कर उनके सम्मान को बढ़ाया गया है। वहीं, टीडीएस की सीमा 10 लाख तक बढ़ाने से व्यवसायियों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। इसके अलावा, चार वर्षों तक आईटी रिटर्न दाखिल करने की सुविधा करदाताओं के लिए कर प्रशासन को सरल और पारदर्शी बनाएगी। बजट में 36 जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क पूरी तरह समाप्त करने का निर्णय लिया गया है, जिससे स्वस्थ भारत की संकल्पना को बल मिलेगा। साथ ही, सभी सरकारी अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर की स्थापना तथा छह जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 5 प्रतिशत करने की घोषणा की गई है।उद्योग मंत्री ने कहा कि यह बजट समृद्ध, आत्मनिर्भर और वैभवशाली भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बने मध्यम वर्गीय परिवारों के जीवन को अधिक सुगम और समृद्ध बनाएगा।

श्यांग व कलमीटिकरा में हाथियों ने पहुंचाया सब्जी बाड़ी को नुकसान

कोरबा। वनमंडल कोरबा के कुदमुरा, पसरखेत व करतला रेंज में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। यहां के श्यांग, कुदमुरा, कलमीटिकरा व चिकनीपाली में अलग-अलग झुंडों में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं। जिससे वन विभाग की चिंता बढ़ गई है। हाथियों के अलग-अलग झुंडों में बंटकर विभिन्न स्थानों पर घुमने से निगरानी में दिक्कतें हो रही है। वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक कुदमुरा परिसर में 33, श्यांग में 6, कलमीटिकरा में एक तथा पसरखेत के जंगल के कक्ष क्रमांक 1135 में 6 तथा चिकनीपाली में 7 हाथी सक्रिय हैं। इनमें से कलमीटिकरा व श्यांग में मौजूद हाथी बीती रात ग्रामीणों के बाड़ी में घुस गए और वहां लगे सब्जी के पौधों को उत्पात मचाते हुए तहस-नहस कर दिया। जिससे चार ग्रामीणों को काफी क्षति पहुंची है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला आज सुबह मौके पर पहुंचा और रात में हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ इसकी रिपोर्ट तैयार की जिसे क्षतिपूर्ति देने के लिए अधिकारियों को सौंपा जाएगा। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र में लगातार मुनादी कराई जा रही है और ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि वे जंगल तथा हाथियों से दूरी बनाए रखें। वहीं बिजली विभाग को भी सूचित कर दिया गया है। साथ ही उनसे कहा गया है कि करंट प्रवाहित लुज तारों को तत्काल दुरुस्त करें ताकि क्षेत्र में घूम रहे हाथियों को किसी भी प्रकार की घटना न घटित हो।

निगम ने कर वसूली को ऑनलाइन किया, पारदर्शिता से लाभ का दावा

कोरबा। नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों से विभिन्न सेवाओं के लिए 13 प्रकार के टैक्स लिए जाते हैं। लंबे समय से चल रही इस व्यवस्था को सुधारते हुए अब टैक्स वसूलने की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है। नगर निगम ने माना है कि नई व्यवस्था के बाद अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं और पारदर्शिता भी स्थापित हुई है।

संपत्ति से लेकर स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाइट के अलावा अनेक मामलों में नागरिकों को नगरीय निकायों को हर वर्ष टैक्स देने पड़ते हैं ताकि व्यवस्थाएं चलती रहे। काफी समय से टैक्स का भुगतान मैन्युअल प्रणाली से होता रहा है। कोरबा नगर निगम के कमिश्नर आशुतोष पांडे ने बताया कि इस व्यवस्था को बदल दिया गया है और अब ऑनलाइन फॉर्मेट पर लोगों से टैक्स की वसूली की जा रही है। अब तक 60 फ़ीसदी कलेक्शन हो चुका है और आगे बढ़ोतरी होने की पूरी संभावना है। कमिश्नर ने बताया कि नई व्यवस्था के अंतर्गत कर्मियों को संसाधन दिए गए हैं ताकि वे अपने काम को कुशलता पूर्वक कर सके।

कमिश्नर ने बताया कि वित्त वर्ष की अंतिम महीने तक की स्थिति में चालू बकाया की वसूली को जाती है जबकि पिछला बकाया को वसूलने के लिए कई प्रकार के ऑफर दिए जा रहे हैं। भुगतान के मामले में लापरवाही बरतने पर पेनल्टी और नोटिस जैसे कदम उठाए जाते हैं। नगर निगम कोरबा का बजट 1000 करोड़ के आसपास का है। लगभग 1000 कर्मचारी निगम के 6 से अधिक जोन में काम कर रहे हैं इनका वेतन देने सहित 67 वार्ड में नागरिक सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आर्थिक तंत्र का मजबूत होना जरूरी है इसलिए नगर निगम ने अपनी ओर से व्यवस्था को बदल दिया है।

महंगाई कम करने बजट में उपाय नहीं



कोरबा। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सदन में पेश बजट अधिवक्ता धनेश सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट में इनकम टैक्स की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए क दिया गया है इससे नौकरीपेशा व अन्य टैक्सपेयी लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में गरीब व किसानों के लिए कोई घोषणा नहीं की गई है साथ ही महंगाई को कम करने के लिए भी कोई उपाय नहीं किए गए हैं। वितमंत्री को महंगाई कम करने के लिए कोई उपाय की घोषणा करनी थी ताकि इसके बोझ तले दबे लोगों को राहत मिल सके।

स्थानीय और बाहरी का मुद्दा हावी, निर्दलीय ने फंसाया पेंच

अध्यक्ष का चुनाव जीतना प्रमुख दलों के लिए प्रतिष्ठा का विषय

कोरबा। नगर पालिका परिषद बाकी मोगरा के लिए पहली बार हो रहे चुनाव में कांग्रेस और भाजपा की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। यहां पर अध्यक्ष पद को महिला सामान्य के लिए आरक्षित किया गया है। प्रमुख पार्टियों ने सामान्य वर्ग के सिद्धांत को अपनाते हुए प्रत्याशी उतारे हैं। जबकि एक निर्दलीय जनजाति महिला उम्मीदवार उमा जितेंद्र कंवर की उपस्थिति के कारण यहां पर समीकरण गड़बड़ हुए हैं। जबकि 4 और भी निर्दलीय मैदान में हैं।

कांग्रेस ने बांकीमोंगरा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए माया अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया है तो भारतीय जनता पार्टी ने सोनी झा को मैदान में प्रस्तुत किया है। इन दोनों ही पार्टियों से पहले दूसरे कैंडीडेट्स तय किया जा रहे थे लेकिन और वक्त पर भारी दबाव के चक्कर में नाम बदल दिए गए। इससे पार्टी कार्यकर्ता असमंजस में पड़ गए। वही अपनी टिकट फाइनल मानते हुए तैयारी में जुटे कई नेताओं को मायूस होना पड़ा है। बाकी मोगरा नगर पालिका में सबसे अधिक 36000 मतदाता मौजूद है जो 30 वार्ड में फैले हुए हैं। नगर निगम क्षेत्र में पहले इस इलाके के 8 वार्ड आते थे जिन्हें परिसीमन के बाद नए सिरे से विभाजित किया गया है। जानकार बताते हैं कि नगर पालिका बाकी मोगरा में अध्यक्ष पद को जीतने के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही जमकर तैयारी की है। वजह बताई जा रही है कि यहां पर जो प्रत्याशी उतारे गए हैं वह वर्तमान और पूर्व मंत्री के कोटे के हैं। ऐसे में जीत का मामला प्रतिष्ठा का बन गया है। भाजपा को प्रदेश सरकार के 1 साल में किए गए कार्यों और इस क्षेत्र को दी गई उपलब्धि पर काफी भरोसा है, वही कांग्रेस पिछले कामकाज के साथ-साथ लोगों के भरोसे हैं। लेकिन नगर पालिका क्षेत्र में बड़ी संख्या में जनजाति समुदाय की उपस्थिति दोनों प्रमुख दलों की चिंता का कारण बनी हुई है। बताया जा रहा है कि निर्दलीय उम्मीदवार की मैदान में उपस्थिति होने के चलते समस्या पैदा हो गई है। दावा किया जा रहा है कि सामाजिक स्तर पर लोगों ने इस निर्दलीय उम्मीदवार को समर्थन देने का संकल्प लिया है।

अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ा

कोरबा। एसईसीएल एनसीडीसी हेलीपैड में घूम रहे 7 फीट लंबे विशालकाय अजगर सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया गया है। लोगों ने इसे यहां पर देखा था और इसकी सूचना दी थी जिस पर रेस्क्यू कर अजगर को जंगल में छोड़ दिया गया। तब कहीं जाकर लोगों ने राहत भरी सांस ली।

पेयजल आपूर्ति करने ट्रायल

कोरबा। एसईसीएल मानिकपुर कालोनी में अब नगर पालिक निगम के द्वारा पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए पाइप लाइन से पेयजल भेजा जा रहा है। तीन दिनों तक लगातार ट्रायल हो रहा है। अब तक पोखरी से ही कालोनी में पेयजल की आपूर्ति होती थी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल मानिकपुर कालोनी में पोखरी से पेयजल आपूर्ति किए जाने से यहां के लोगों द्वारा निगम से पेयजल आपूर्ति कराने की मांग की जा रही थी। इस मामले को प्रबंधन के सामने यूनियन प्रतिनिधियों ने जोर-शोर से रखा था। मानिकपुर में प्रस्ताव रखने के बाद कोरबा एरिया में भी इस बात को उठाया गया। इसके बाद स्टेयरिंग कमेटी की बैठक में निगम से पेयजल आपूर्ति कराने की मांग पर चर्चा हुई। एसईसीएल के द्वारा पैसे जमा कराने के बाद निगम से पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू हो गया था। यह कार्य काफी दिनों तक चलता रहा। अब पाइप लाइन बिछने के बाद ट्रायल का काम शुरू हो गया है। बीच मार्ग में किसी भी प्रकार की दिक्कतें नहीं हो रही है इसका अवलोकन किया जा रहा है। जेसीसी सदस्य राजू श्रीवास्तव, उज्ज्वल बनर्जी, संजय सिंह, ललीन पवार, प्रमोद बनर्जी, सुब्रत दास, छतराम मिरी, चंदराम ने इस मामले को मानिकपुर में सबसे पहले रखा।

लोगों को राहत देने सब्सिडी बढ़ाएं इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर

कम ब्याज पर लोन देने से उद्योग मजबूत होंगें : सावलानी

कोरबा। युवा व्यवसायी एवं रेल संघर्ष समिति के सदस्य अंकित सवालानी ने बताया बजट का काफ़ी प्रशंसनीय है जिसमें मध्यम वर्गीय को एक बड़ी राहत आयकर के स्लैब में वृद्धि कर दी गई है।

इलेक्ट्रिक गाड़ियों के कुछ पार्ट्स पर टैक्स न लगाने से राहत मिलेगी। कुछ दवाइयो को कर मुक्त किया गया है। रेलवे के लिए एक बड़े बजट की उम्मीद थी साथ ही छोटे शहरो को जोड़ने पे रेलवे का प्रयास अभी भी नहीं दिखा। बढ़ती इलेक्ट्रिक गाड़ियों के बाद भी पेट्रोल की क़ीमतों में इज़ाफ़ा नहीं हुआ। इलेक्ट्रिक गाड़ियों में सब्सिडी बढ़ाई जानी चाहिए। पुराने मध्यमवर्गीय व्यवसायी को कम दर पर व्यवसाय बढ़ाने हेतु लोन की सुविधा अभी भी नहीं मिली व्यवसाय में बढ़ते कॉम्पिटिशन को देखते हुए लोन के रूप में व्यवसायी को कम ब्याज दर पर लोन देने से व्यवसाय बंद नहीं होंगे साथ ही रोजगार बढ़ने की उम्मीद है। सरकार द्वारा सभी प्रकार के व्यवसाइयो के लिए क्रेडिट परचेज कार्ड (ष्ठ्ढ) देना चाहिए जिससे व्यवसायी व्यवसाय हेतु खरीदी कार्ड द्वारा करेगा जिसके लिए उसे 60 दिन का समय बिना ब्याज मिलेगा राशि देने के लिए अति आवश्यक वस्तु जैसे दवाई, आवश्यक राशन, चश्मा, चपल, कपड़े बिना ब्रांड के इन सब पर कर 5प्रतिशत व कर मुक्त करना चाहिए।

नंदकिशोर अग्रवाल का निधन

कोरबा। प्रतिष्ठित व्यवसायी और समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहे नंदकिशोर अग्रवाल (गुमिया वाले) उम्र 83 वर्ष का पिछली रात्रि आकस्मिक दुखद निधन हो गया है ये सत्यनारायण अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल,गोपाल अग्रवाल, मोहन अग्रवाल एवं प्रहलाद अग्रवाल के पिता थे। उनके पुत्र विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के संचालनकर्ता हैं। स्व. अग्रवाल की अंतिम यात्रा निवास स्थान शारदा विहार विनश स्कूल रोड गार्डन के सामने एम आई जी 53 से दोपहर 2 बजे मोतीसागरपारा मुक्तिधाम जाएगी।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com